


दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

MPHIN/2021/83938

नई सोच नई पहल





ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 217 | ग्वालियर रविवार, 28 मई 2023 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए


## न्यूज ट्रैक

### दिल्ली-एनसीआर में बारिश ने दिलाई राहत



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली समेत पूरे उत्तर भारत में मौसम का मिजाज एक बार फिर बदला-बदला नजर आ रहा है. देर रात तेज हवाओं के साथ हुई झमाझम बारिश ने लोगों को भीषण गर्मी से राहत तो दिलाई ही साथ ही मौसम भी खुशनुमा हो गया. बुधवार रात को हुई बारिश और आज यानी गुरुवार को सुबह से ही चल रही ठंडी हवाओं से तापमान में गिरावट दर्ज की गई है, जिसकी वजह से मौसम में नरमी हुई है. भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में भी मौसम में ऐसी ही नरमी बनी रहेगी. मौसम विभाग की रिपोर्ट के अनुसार राजधानी दिल्ली में अगले दो दिनों तक तेज हवा के साथ बारिश पड़ने की संभावना है. आपको बता दें कि दिल्ली-एनसीआर में पिछ्ले कुछ दिनों से भीषण गर्मी का दौर जारी था, जिसकी वजह से लोगों का हाल बेहाल था. सुबह सूरज निकलने के साथ ही पड़ने वाली चिलचिलाती धूप दिन ढ़लने तक भी लोगों को पीछा नहीं छोड़ रही थी. आलम यह था कि गर्मी के कारण लोगों अपने-अपने घरों से बाहर निकलने में भी परहेज कर रहे थे और दोपहर होते-होते सड़कों पर सन्नाटा दिखाई पड़ने लगा था. यह गर्मी का असर था कि लोग समय से पहले ही मॉनसून की बाट जोहने लगे थे. लेकिन बुधवार सुबह से आसमान में छाई घटा के साथ मौसम में घुली ठंडक ने लोगों को गर्मी से राहत दिलानी शुरू कर दी थी. इस क्रम में शाम होते-होते मौसम पूरी तहर बदल गया और रात के आंधी के साथ हुई झमाझम बारिश ने पूरा सीन बदल दिया. मौसम विभाग के अनुसार बारिश के बाद मौसम में आए चेंज के बीज दिल्ली में मिनिमम टेंपरेचर 25.4 डिग्री सेल्सियस ( औसत से एक डिग्री कम ) और मैग्जीमम टेंपरेचर 40 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया. मौसम विभाग के अनुसार दिल्ली में आज भी धूलभरी आंधी चलने की संभावना है, जिसकी वजह से वायु गुणवत्ता सूचकांक में गिरावट आ सकती है. टेंपरेचर की बात करें तो आज मिनिमम टेंपरेचर 26 डिग्री सेल्सियस और मैग्जीमम टेंपरेचर 40 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया जा सकता है.

### खाट पर सो रहे शख्स के पास पहुंचा तेंदुआ



**नई दिल्ली।** क्या आपने कभी किसी तेंदुए को चुपके से अपने शिकार की ओर बढ़ते और सामने से उस पर हमला करते देखा है। अगर आपने नहीं देखा है, तो आपको भारतीय वन सेवा अधिकारी परवीन कस्वां द्वारा साझा किए गए इस वीडियो को अवश्य देखना चाहिए. वीडियो में दिखाया गया है कि कैसे एक तेंदुआ हाईवे के पास सो रहे एक कुत्ते के पास पहुंचा और फिर उस पर झपट पड़ा. फिर मांसाहारी शिकार को मुंह में लेकर भाग गया, जहां कुत्ता लेटा था, उसके बगल में एक आदमी सो रहा था. वीडियो वाकई डराने वाला है. इस वीडियो को देखने बाद आप भी हैरान हो जाएंगे. वीडियो में आप देख सकते हैं कि कई ट्रक एक साथ लाइन में खड़े हैं. यह राजमार्ग पर एक ट्रक स्टेशन या ड्राइवरों के लिए विश्राम स्थल भी हो सकता है. आप एक आदमी को बाहर खुले आसमान में बिछी खाट पर सोते हुए देख सकते हैं. उसके बगल में कुत्ता लेटा हुआ था जो उस समय सो रहा था जब तेंदुए ने उस पर हमला किया. तेंदुआ धीरे-धीरे कुत्ते के पास जाता है और फिर उस पर झपटता है. फिर यह कुत्ते को अपने साथ घसीट कर पास के जंगल में ले जाता है. कुत्ते की आवाज से अनजान व्यक्ति की नींद खुल जाती है. ये देख आदमी भी एकदम सहम जाता है. इस खबर को लिखे जाने तक वीडियो को 80 लाख लोगों ने देख लिया है. वही 13 सौ लोगों ने वीडियो को लाइक किया है. वीडियो पर ट्विटर यूजर्स के रिएक्शन सामने आ रहे हैं. वे चिंकारा को पसंद करेंगे. दुख की बात है कि वे निवास स्थान खो रहे हैं और कुत्तों को खाना पड़ रहा है.

### राधिका मदान अभिनीत कच्ची लिंबु की 19 मई से स्ट्रीमिंग शुरू

**मुंबई।** राधिका मदान, रजत बरमेचा और आयुष मेहरा अभिनीत फिल्म कच्चे लिंबू 19 मई से जियो सिनेमा पर स्ट्रीम होगी। फर्स्ट-लुक पोस्टर को साझा करते हुए, जियो स्टूडियो के आधिकारिक हैंडल ने लिखा- यहां पर कच्चे लिम्बु भी बड़े पक्के शॉट मारेंगे ! 19 मई को देखें कच्चे लिम्बु, एक्सक्लूसिव जियो सिनेमा पर। शुभम योगी द्वारा निर्देशित कच्चे लिम्बु एक ऐसे जीवन की कहानी है, जो परिवारिक अपेक्षाओं के साथ अपने जुनून के लिए चुनौतियों का सामना करते है और भाई-बहनों के बीच बंधन का जश्न मनाते हैं। फिल्म का प्रीमियर टोरंटो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल 2022 (टीआईएफएफ) में हुआ। इसके बाद बैंकाक के विश्व फिल्म महोत्सव और केरल के अंतर्राष्ट्रीय फिल्म समारोह में स्क्रीनिंग की गई। फिल्म में राधिका अपने भाई की टीम के खिलाफ गली क्रिकेट खेलती हुइ

# सरकार के नौ साल पूरे हाने पर पीएम मोदी क्या कुछ बोले,

केंद्र में मोदी सरकार के नौ साल शुक्रवार( 26 मई) को पूरे हो गए हैं. इसको लेकर बीजेपी जश्न मना रही है. इसी बीच शनिवार ( 27 मई) को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि उनके नौ साल के कार्यकाल के दौरान उपलब्धियां इसलिए संभव हो पाई, क्योंकि लोगों ने एक स्थिर सरकार को चुना, जिसने प्रमुख वादों को पूरा किया. नौ साल पूरे होने पर सोशल मीडिया पर कई लोगों की सरकार के प्रदर्शन की सराहना किए जाने के जवाब में पीएम मोदी की यह टिप्पणी सामने आई है. उन्होंने ट्विटर पर कहा, ''सुबह से मैं मोदी सरकार के नौ साल पूरा होने पर किए गए कई ट्वीट देख रहा हूं, जिनमें लोगों ने 2014 से सरकार की उन बातों को रेखांकित किया है, जो उन्हें अच्छी लगी हैं. इस तरह का स्नेह पाकर हमेशा सम्मान की भावना का अनुभव होता है और इससे मुझे लोगों के लिए और भी अधिक मेहनत करने की ताकत मिलती



है.नागरिकों के ट्वीट को शेयर करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि हमने पिछ्ले नौ सालों में बहुत कुछ किया है और हम आने वाले समय में और भी अधिक मेहनत करना चाहते हैं, ताकि हम अमृतकाल में एक मजबूत और समृद्ध भारत का निर्माण कर सकें उन्होंने कहा कि हम काम इसलिए कर सके क्योंकि भारत के लोगों ने एक स्थिर सरकार को चुना है.पीएम मोदी ने दावा किया कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार ने जीवन को बदलने और भारत की विकास यात्रा को गति देने के लिए विभिन्न प्रयास किए हैं. बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में सरकार की पहल की प्रशंसा करने वाले एक ट्वीट के जवाब में मोदी ने कहा कि आपने प्रमुख अवसंरचनाओं और जीवनयापन में आसानी की परियोजनाओं पर प्रकाश डाला है, जो जमीनी स्तर पर बहुत प्रभावशाली रही हैं.उन्होंने एक दूसरे ट्वीट में लिखा कि मैं वास्तव में 140 करोड़ भारतीयों की आकांक्षाओं को पूरा करने का अवसर पाकर बहुत सम्मानित महसूस कर रहा हूं.

### पूर्व महापौर समीक्षा गुप्ता द्वारा कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया

## होटल सेंटर पार्क में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया




मध्य प्रदेश पुलिस नियंत्रण बोर्ड ग्वालियर द्वारा 27 मार्च 23 को ही वेस्ट प्रबंधन प्रबंधन नियम 2022 के क्रिया वाहन के संबंध में होटल सेंटर पार्क में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि गवालियर नगर की पूर्व महापौर समीक्षा गुप्ता द्वारा कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया कार्यक्रम में विशेष विश्लेषक के रूप में डॉक्टर फजल हुसैन यूनिटी को कि साइकिल इंदौर श्रीमती नम्रता जैन सदस्य सचिव सेंटर ऑफ एक्सीलेंस इन सस्टेनेबल डेवलपमेंट इन इंदौर डॉक्टर डी. डी अग्रवाल प्रोफेसर वाइस चांसलर जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर स्थित रहे तथा क्षेत्रीय कार्यालय ग्वालियर के अंतर्गत औद्योगिक इकाई नगरीय निकाय कॉलेज अस्पताल तथा अन्य विभागों के प्रतिनिधि द्वारा भाग लिया गया कार्यशाला के अध्यक्ष ग्वालियर के क्षेत्रीय अधिकारी आरआर सिंह सेंगर द्वारा 1 अप्रैल 2023 से लागू की प्रबंधन नियम 2022 रूस के संबंध में अवगत कराया गया तदुपरांत विशेषज्ञों द्वारा प्रबंधन से दैनिक जीवन में मानव स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों पर्यावरण के अनुकूल द्वारा वेस्ट प्रबंधन में उत्पन्न वास्तविक समस्या एवं सुविधाओं का निराकरण करने मिशन लाइव प्रसाद दिलाई गई मुख्य अतिथि महापौर श्रीमती समीक्षा गुप्ता जी के द्वारा प्रबंधन हेतु समूह का गठन किया गया जानकर जाकर इन जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन करने हेतु कहा गया विषय विशेषज्ञ डॉक्टर जी डी अग्रवाल प्रोफेसर विश्वविद्यालय ग्वालियर द्वारा के प्रबंधन से मानव स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव को रोकने तथा नियमों के अनुरूप का निपटान करने हेतु कहा गयाऑथराइज्ड कलेक्शन सेंटर भारत इन बायरो कारपोरेशन पिछ्ले 7 वर्षों से ई वेस्ट कलेक्शन सेंटर राम मंदिर बाबा कंपलेक्स मायका बाजार लश्कर ग्वालियर के रूप में स्थापित संस्था है

### यूपी में गिरफ्तारी से बचने के लिए आरोपी ने नहर में लगाई छलांग



**शामली (उप्र)।** उत्तर प्रदेश के शामली में 18 वर्षीय आरोपी मल्ली गांव में गंगनहर में छलांग लगाकर पुलिस हिरासत से फरार होने में कामयाब हो गया। वह अपने बड़े भाई की हत्या का आरोपी है। पुलिस आरोपी मोहम्मद शोएब को उसके भाई का शव बरामद करने के लिए नहर पर ले गई थी। उसने पुलिस को बताया था कि उसने शव को नहर में फेंका था। जैसे ही पुलिस आरोपी को लेकर नहर पर पहुंची, आरोपी पानी में कूद गया और गायब हो गया।

## केरल में खेत में लावारिस हालत में मिला नवजात शिशु

**तिरुवनंतपुरम।** केरल के पठानमथिट्टा जिले में टैपिओका के खेत में गुरुवार को एक नवजात शिशु लावारिस हालत में मिला। कवियूर के पास रहने वाले मनोज और उसके परिवार को आज सुबह बच्चे के रोने की आवाज सुनाई दी। आवाज टैपिओका के खेत से आ रही थी।



मनोज खेत में गया। मनोज ने कहा, मैंने बच्चे को उठाया और स्थानीय पुलिस स्टेशन को सूचित किया। नवजात शिशु को कोई छोड़ गया था। बच्चा एक या दो दिन का लग रहा था। जल्द ही पुलिस पहुंची और बच्चे को स्थानीय सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। फिलहाल, बच्चे की देखभाल बाल कल्याण समिति कर रही है। इस बीच, स्थानीय पुलिस ने नवजात के माता-पिता का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी है।

### भाई डीके शिवकुमार को सीएम पद न मिलने से दुखी हैं डीके सुरेश

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेतृत्व ने कर्नाटक के नए मुख्यमंत्री के लिए सिद्धारमैया के नाम का ऐलान कर दिया है. जबकि डीके शिवकुमार को राज्य का उप मुख्यमंत्री बनाया जाएगा. हालांकि डीके शिवकुमार बाद तक मुख्यमंत्री पद की मांग पर अड़े रहे, लेकिन सोनिया गांधी और पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से हुई बात के बाद उनको सरेंडर करना पड़ा. हालांकि कांग्रेस आलाकमान की ओर से उनको डिप्टी सीएम और कई महत्वपूर्ण मंत्रालयों का ऑफर दिया गया है. वहीं, डीके शिवकुमार पार्टी आलाकमान के इस फैसले से कितने खुश हैं. डीके शिवकुमार के भाई डीके सुरेश ने खुद इस बात का खुलासा किया है. कर्नाटक के नए मुख्यमंत्री के घोषणा पर कर्नाटक



कांग्रेस अध्यक्ष डी.के. शिवकुमार के भाई और कांग्रेस नेता डी.के. सुरेश, दिल्ली ने कहा कि मुझे नहीं लगता है कि मैं पूरी तरह से खुश हूं। मगर कर्नाटक के हित के लिए पार्टी और डी.के. शिवकुमार और सभी को ये स्वीकार करना होगा. उन्होंने कहा कि कर्नाटक के लोगों से हमने जो वादे किए हैं, उनको पूरा करना है. आगे जो होगा देखा जाएगा. सिद्धारमैया को मेरी शुभकामनाएं हैं. आपको बता दें कि डीके शिवकुमार कर्नाटक कांग्रेस के अध्यक्ष हैं और पार्टी ने उनके अध्यक्ष रहते ही चुनाव में भारी जीत हासिल की है.

### पूर्व पीएम देवेगौड़ा 90 साल के हुए



**बंगलुरू।** पूर्व प्रधानमंत्री और जद (एस) के मुखिया एच.डी. देवेगौड़ा गुरुवार को 90 साल के हो गए। हिंदू परंपराओं में प्रबल विश्वास रखने वाले धरती पुत्र के रूप में जाने जाने वाले हरदनहल्ली दोड्डे देवेगौड़ा अभी भी सक्रिय राजनीति में हैं और हाल ही में संपन्न हुए विधानसभा चुनाव में जमकर प्रचार किया। उन्होंने राष्ट्रीय पार्टियों को चुनौती दी थी और चुनाव से पहले कहा था कि राज्य में कोई मोदी लहर नहीं है। जद (एस) ने 19 सीटों पर जीत हासिल की। इससे देवेगौड़ा के अपने बेटे एच.डी. कुमारस्वामी के किंग मेकर बनने का सपना पूरा नहीं हो पाया। हालांकि देवेगौड़ा अभी भी राज्य के सबसे प्रभावशाली राजनेता और वोक्कालिगा समुदाय के एक प्रतिष्ठित व्यक्ति के रूप में बने हुए हैं। वह जाति और पंथ से ऊपर उठकर जनता के नेता के रूप में भी उभरे। उनका जन्म 18 मई, 1933 को हासन जिले के होलेनरसीपुरा तालुक के हरदनहल्ली गांव में हुआ था। उन्होंने सिविल इंजीनियरिंग का डिप्लोमा पूरा किया और 20 साल की उम्र में राजनीति में आए। वह 1953 में कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए और 1962 तक सदस्य बने रहे। देवेगौड़ा ने 28 साल की उम्र में एक निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ा और 1962 में विधायक के रूप में चुने गए।

### मोदी कैबिनेट में बड़ा फेरबदल, किरेन रिजिजू की जगह अर्जुन मेघवाल होंगे कानून मंत्री



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने मंत्रिमंडल में बड़ा फेरबदल करते हुए किरेन रिजिजू को कानून मंत्री के पद से हटा दिया है। उनकी जगह पर अब अर्जुन राम मेघवाल को कानून एवं न्याय मंत्रालय की जिम्मेदारी सौंपी गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सलाह पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मोदी कैबिनेट में इस बदलाव को मंजूरी दे दी है। इस नए बदलाव के मुताबिक अब तक कानून एवं न्याय मंत्रालय की जिम्मेदारी संभाल रहे किरेन रिजिजू को अब भू विज्ञान मंत्रालय सौंपा गया है। किरेन रिजिजू की जगह पर अब अर्जुन राम मेघवाल कानून एवं न्याय मंत्रालय की जिम्मेदारी संभालेंगे। उन्हें उनके मौजूदा मंत्रालय के साथ-साथ कानून और न्याय मंत्रालय में राज्य मंत्री के तौर पर स्वतंत्र प्रभार सौंपा गया है।

### 40 साल बाद हत्या का आरोपी गिरफ्तार

**आगरा।** आठ साल के एक बच्चे का अपहरण कर उसकी हत्या करने के आरोप में 40 साल बाद एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। 61 वर्षीय अंतराम ने 1982 में अपने दोस्त की मदद से वकील राघवेंद्र सिंह के छोटे भाई हरेंद्र सिंह का अपहरण कर लिया और उसकी हत्या कर दी। अंतराम और उसके साथी चंद्रभान के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी। चंद्रभान को गिरफ्तार कर लिया गया और आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई, जब अंतराम फरार रहा। एक



वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के अनुसार, अपराध के बाद, अंतराम राम निवास नाम से दिल्ली में रहने लगा। उसने राष्ट्रीय राजधानी में पत्नी व तीन बच्चों का परिवार बनाया। स्थानीय निवासियों के अनुसार पैतृक संपत्ति के विवाद में उसके तीन भाइयों में से एक ने पुलिस को सूचना दी। इस पर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। डीसीपी सोनम कुमार ने कहा, एक गुप्त सूचना के आधार पर, अंतराम को गिरफ्तार किया गया और अदालत के आदेश के बाद जेल भेज दिया गया। एसएचओ (खेरागढ़) राजीव कुमार ने कहा, अपराध के बाद अंतराम ने कई ठिकाने बदल लिए थे। बाद में उसने अपना नाम बदल लिया और फर्जी आधार कार्ड बनवा लिया। उसने दिल्ली के हौज खास पुलिस स्टेशन के तहत एक इलाके में एक घर भी बनाया।

### नाइजीरियाई अधिकारियों के साथ बातचीत करेंगे,

## तीन दिवसीय नाइजीरिया यात्रा पर जाएंगे राजनाथ सिंह, राष्ट्रपति बोला टीनूबू के शपथ ग्रहण में होंगे शामिल

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 28 से 30 मई तक तीन दिवसीय यात्रा पर नाइजीरिया जाएंगे. वो पश्चिम अफ्रीकी देश के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति बोला अहमद टीनूबू के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे. इसके अलावा, वो सैन्य हार्डवेयर की पहचान करने के लिए नाइजीरियाई अधिकारियों के साथ बातचीत करेंगे, जिन्हें निर्यात किया सकता है. रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को एक बयान में ये जानकारी दी.यह पहली बार है कि कोई भारतीय रक्षा मंत्री नाइजीरिया का दौरा कर रहा है. राजनाथ की यात्रा अफ्रीकी देशों के साथ भारत के संबंधों को गहरा करने और वहां के रक्षा बाजारों को टैप करने के लिए कदम उठाने की पृष्ठभूमि में हो रही है. रक्षा मंत्रालय के बयान में कहा गया है कि सिंह सोमवार (29 मई) को अबुजा के ईगल स्क्वायर में शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेंगे.




इससे पहले वो निवर्तमान नाइजीरियाई राष्ट्रपति मुहम्मदु बुहारी से रविवार (28 मई) को एक स्वागत समारोह में मुलाकात करेंगे. यह यात्रा दोनों देशों के बीच दोस्ती के मजबूत बंधन के निर्माण में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगी.बयान में कहा गया कि भारत और नाइजीरिया के बीच बढ़ते रक्षा सहयोग को ध्यान में रखते हुए रक्षा मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी और महत्वपूर्ण रक्षा पीएसयू के शीर्ष नेतृत्व राजनाथ सिंह के साथ होंगे. वे उपकरण और प्लेटफॉर्म की पहचान करने के लिए नाइजीरियाई उद्योग और सशस्त्र बलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठकें करेंगे, जिसके माध्यम से भारतीय रक्षा उद्योग देश की आवश्यकताओं का समर्थन कर सकता है. राजनाथ सिंह अपनी यात्रा के दौरान अबुजा में प्रवासी भारतीयों को भी संबोधित करेंगे. नाइजीरिया में भारतीय समुदाय के लगभग 50 हजार लोगों के घर हैं.त कर रहा है, जिसमें लगभग 100 कंपनियां निर्यात में शामिल हैं. इस हार्डवेयर में मिसाइल, अर्टिलरी गन्स, रॉकेट, आर्मौरेड व्हीकल्स, ऑफशोर पेट्रोल वेसेल्स, पर्सनल प्रोटेक्टिव गियर, विभिन्न प्रकार के रडार, सर्विलांस सिस्टम्स और गोला-बारूद शामिल हैं. निर्यात क्षमता रखने वाले हथियारों और प्रणालियों में हल्के लड़ाकू विमान, विभिन्न प्रकार के हेलीकॉप्टर, दृश्य सीमा से परे हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइल और टैंक शामिल हैं.

# आबकारी एवं पुलिस विभाग द्वारा 37 लाख 50 हजार रुपये अनुमानित मूल्य की मदिरा की गई नष्ट

**पंकज त्रिपाठी**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस द्वारा गठित समिति के समक्ष आबकारी/पुलिस विभाग द्वारा धारा 34(1), 34(2), 49(क) के विभिन्न प्रकरणों में जप्त मदिरा को कलेक्टर/सी.जे.एम द्वारा निराकृत प्रकरणों के संबंध में जिले के छः थानों एवं आबकारी विभाग के सभी पांच वृत्तों के 34 (2) के 60 प्रकरण एवं अन्य 1030 प्रकरण कुल 1090 प्रकरण की मदिरा अनुमानित मूल्य लगभग रू.37,50,000/- को विधिवत नष्ट किया गया।कलेक्टर भिंड डॉ सतीश कुमार एस के निर्देशन में गठित समिति जिसमे एसडीएम भिंड/तहसीलदार/नायब तहसीलदार , जिला आबकारी अधिकारी श्रीमती बसंती भूरिया,सीएसपी निशा रेड्डी ,डीएसपी अरविन्द शाह ,डीएसपी पूनम थापा की उपस्थिति में भिंड जिले के विभिन्न न्यायालयों से निराकृत आबकारी विभाग एवं पुलिस थानों के आबकारी एक्ट के प्रकरणों तथा कलेक्टर न्यायालय में आबकारी प्रकरणों में निराकृत एवं राजसात प्रकरणों जिनकी कुल संख्या 1090 है।उक्त निराकृत प्रकरणों में जप्तशुदा एवं राजसात देशी मदिरा प्लेन ,मसाला विदेशी मदिरा व्हिस्की,रम,बियर,कच्ची हाथभट्टी मदिरा, गुडलाहन सैम्पलों को विधिवत नष्टीकरण की कार्यवाही की गई।



**उक्त प्रक्रिया की वीडियो रिकॉर्डिंग भी कराई गई।**-समस्त मदिरा को ट्रैक्टर ट्रॉली, लोडिंग वाहन से भरकर कार्यवाही स्थल पर लाया गया तथा जे सी बी रोलर से उक्त सम्पूर्ण मदिरा को पूर्ण रूप से नष्ट किया गया। नष्ट की गई मदिरा का अनुमानित मूल्य लगभग 37,50,000 रुपये है। भिंड जिले में नष्टीकरण की यह कार्यवाही 20 वर्षों में पहली बार हुई है उक्त कार्यवाही के दौरान भिंड जिले के पांचों आबकारी व्रतों के वृत्त प्रभारी रविशंकर तिवारी,नरेंद्र कुमार,हरेंद्र मावई,अजीत यादव एवं भिंड पुलिस के 6 थानों के थाना प्रभारी जिनमे प्रमोद साहू,शिवसिंह यादव, सुधीर कुशवाह,अरविन्द सिकरवार एवं आबकारी स्टाफ थाना स्टाफ मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान में 28 मई को लगभग पौने तीन लाख जन्म से पांच वर्ष तक के बच्चों का टीकाकरण करने का लक्ष्य

## शहर में आयोजित हुई विशाल जन जागरुकता रैली

**पंकज त्रिपाठी**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** पल्स पोलियो अभियान अंतर्गत 0 से 5 वर्ष तक कोई भी बच्चा पोलियो की खुराब से वंचित न रहे। इस हेतु 28 मई 2023 को आयोजित पल्स पोलियो अभियान के सफल संचालन हेतु आज शहर में एन.सी.सी. केडेट्स व जन अभियान परिषद के द्वारा एक विशाल रैली का आयोजन किया गया। पल्स पोलियो जन जागरुकता रैली को कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस, एन.सी.सी. कमाण्डेंट कर्नल जगदीश राव एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. यू.पी.एस. कुशवाह ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। रैली जिला चिकित्सालय परिसर से शुरू होकर शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए निकाली गई जिसमें आम जनमानस को पल्स पोलियो की दवा अपने जीरो से पांच वर्ष के सभी बच्चों को पिलाने के लिए जागरुक किया गया। रैली के आयोजन में एन.सी.सी. के छात्र-छात्राओं द्वारा सहयोग किया गया।कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने कहा कि पल्स पोलियो अभियान के लिए पूरे जिले में लगभग 2500 बूथ स्थापित किये जायेंगे। राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत् 28 मई को जन्म से 5 वर्ष तक के बच्चों को अनिवार्य रूप से दवा पिलायें। उन्होने कहा कि अभियान के तहत 28 मई को पोलियो बूथ पर तथा 29 एवं 30 मई को छूटे हुए बच्चों को घर-घर जाकर दवा पिलाया जाना है। उन्होंने अपील की कि सभी परिजन जन्म से पांच वर्ष के बच्चों को 28 मई 2023 दिन रविवार को ही दवा पिलाना सुनिश्चित करें तथा पोलियो से सुरक्षा पायें।कर्नल जगदीश राव ने कहा कि आप सभी के सहयोग से भारत को पोलियो मुक्त बनाये रखने में हम सब सफल रहे हैं, किन्तु आस पास के देशों से पोलियो वायरस के आने के खतरे को देखते हुए हमें वायरस के विरूद्ध सुरक्षा चक




बनाने की अभी भी जरूरत है। पोलियो मुक्त भारत के लिए हमें ऐसे प्रयासों को जारी रखना चाहिये ताकि हमारी आने वाली पीड़ियों को पोलियो जैसे घातक वायरस से बचाया जा सके। हर नागरिक की जिम्मेदारी बनती है कि अपने उत्तरदायित्व का निर्वाह करके नवजात पीड़ी के हर एक मासूम बच्चे को स्वस्थ रखें। मेरी अपील है कि इस अभियान को मजबूती के साथ आगे बड़ायें और पोलियो का सुरक्षा कवच बनाने में योगदान दें, हमें समय के साथ सावधान रहना बहुत जरूरी है।मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ यूपीएस कुशवाह ने कहा कि पल्स पोलियो अभियान 28 मई 2023 से शुरू होगा। जिसको लेकर जागरुकता रैली निकाली गयी है। जिले में कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस के मार्गदर्शन में पल्स पोलियो अभियान दिनांक 28 मई 2023 दिन रविवार को 2665 बूथ लगाकर जन्म से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो से सुरक्षा हेतु दो बूंद पल्स पोलियो की पिलायी जायेगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. यूपीएस कुशवाह ने जिले के समस्त अभिभावकों से अपील की है कि वे अपने जन्म से पांच वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो बूथ पर लाकर दवा अवश्य पिलायें।जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. सुमित सिंह भदौरिया ने बताया कि इस हेतु समस्त तैयारियां पूर्ण कर ली गयी हैं, जिसमें जन्म से पांच वर्ष तक के लगभग पौने तीन लाख बच्चों को पल्स पोलियो की दवा पिलायी जायेगी। इस हेतु 5334 कार्यकर्ता पल्स पोलियो की दवा पिलायेंगे, जिनमें 55 टीमें जिले में मोबाईल टीम की तरह कार्य करेंगी तथा 36 टीमें बस स्टेण्ड तथा जिले के आवागमन स्थलों पर लगायी जायेंगी। पल्स पोलियो की सतत् मोनिटरिंग हेतु 258 सुपरवाईजर नियुक्त किये गये हैं। अभियान की सतत् मॉनिटरिंग हेतु जिले के वरिष्ठ अधिकारियों को इंण्टरनल मॉनिटर नियुक्त किये गये, जिसमें डॉ. एस.के. व्यास ब्लॉक मेहगांव, डॉ आलोक शर्मा गोहद, डॉ. डी.के. शर्मा ब्लॉक फूप, डॉ. अंशुल राजपूत भिण्ड अर्बन, डॉ. अवधेश सोनी ब्लॉक लहार, राजेश शर्मा डी.पी.एम. रौन तथा अजय सिंह व्ही.सी.सी.एम ब्लॉक अटेर आवंटित किये गये हैं। यह भी बताया गया है कि किन्ही कारणों से जो बच्चे छूट जाते हैं उन्हें दिनांक 29 तथा 30 मई 2023 को घर-घर जाकर पिलायी जायेगी दो बूंद जिंदगी की। इस रैली में 30 म.प्र. बटालियन एनसीसी भिण्ड के सूबेदार मेजर सुनील कुमार और कैप्टन कौशलेन्द्र सिंह, केप्टन रवीकान्त सिंह, ले. संजय राना, सेकेन्ड आफीसर शिवराज सिंह, सेकेन्ड आफीसर उपेन्द्र सिंह, महिला एवं बाल विकास अधिकारी अब्दुल गफ्फार, सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# बरासों पुलिस ने 1,65000 रुपये के मसरूका के साथ लूट के तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार

**पंकज त्रिपाठी**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश कुमार खरपूसे,मेहंगाव एसडीओपी आर. के. एस. राठौर के निर्देशन में लूट के आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु थाना प्रभारी बरासों उपनिरी सीपीएस चौहान व उनकी टीम द्वारा की गई कार्यवाही ।दिनांक 11/05/2023 को फरियादी संतोष शाक्य पुत्र श्री जयश्रीराम शाक्य निवासी ग्राम गहेली ने अज्ञात तीन आरोपियो द्वारा कैरोरा-कैमोखरी के बीच अपाचे मोटर साइकिल बिना नम्वर से पत्नि से पर्स छीनकर कट्टा दिखाकर लूट कर ले गए जिस पर से थाना बरासो में अज्ञात आरोपीगणों के विरुद्ध अपराध क्र. 30/2023 धारा 392 भादवि 11-13 एमपीडीपीके एक्ट का पंजीबद्ध कर विवेचा में लिया गया। प्रकरण की गम्भीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक द्वारा अज्ञात आरोपीगणों की तलास हेतु निर्देश दिए गए एवं समय समय पर मार्गदर्शन दिया गया, दौराने विवेचना सीसीटीव्ही फुटेज, सायवर सेल एवं स्थानीय मुखविरो की मदद से आरोपीगण को ज्ञात कर आरोपीगणों को गिरफ्तार कर लूटा गया माल मसरुका बरामद किया गया एवं आरोपीगणों को जेआर पर न्यायालय में पेश किया गया।

वीवो कम्पनी का मोवाइल, नगदी पर्स, कट्टा, राउण्ड, सफेद अपाचे, कुल कीमत लगभग 16,5000 रुपये है।थाना बरासो प्रभारी उपनिरीक्षक सीपीएस चौहान, उपनिरीक्षक दीपेन्द्र यादव,प्रधान आरक्षक जुगराज चौहान, प्रधान आरक्षक महेश, आरक्षक आनंद सायवर सेल भिण्ड,आरक्षक सतेन्द्र यादव, आरक्षक मनोज कुशवाह,आरक्षक आशीष सिंह तोमर, आरक्षक रामबरन सिंह तोमर।

# पिछड़ावर्ग,अनु.जाति,अल्पसंख्यक समाज को संगठित होने का समय आ गया है : जयश्रीराम बघेल

# बघेल पाल वंश में 19 राजा हुए उनका कार्यकाल स्वर्णनिम काल रहा :रामशेष

**पंकज त्रिपाठी**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** 27 मई 2023 को बांके बिहारी मैरिज गार्डन हैवदपुरा रोड़ भिण्ड में आयोजित पत्रकार वार्ता में म.प्र.कॉग्रेस कमेटी के महासचिव एवं कॉग्रेस समाज समन्वय प्रकोष्ठ बघेल पाल समाज के प्रदेश संरक्षक जय श्रीराम बघेल तथा कॉग्रेस समन्वयक प्रकोष्ठ बघेल पाल समाज के प्रदेश अध्यक्ष रामशेष बघेल ने संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया है, कि बघेल पाल समाज को अपना गौरवमयी इतिहास की जानकारी देना है इतिहास का अध्ययन करने से ज्ञात होता है कि बघेल पाल वंश में 19 राजा हुए उनका कार्यकाल स्वर्णनिम काल रहा है। इसके अलावा चन्द्रगुप्त मौर्य, सम्राट अशोक, महान गायिक तानसेन बघेल कुल में पैदा हुए। लोक माता अहिल्याबाई होल्कर की 298 वीं जयंती है,उनका जन्म 1725 में हुआ था उनकी माँ का नाम मुर्शला पिता का नाम नानकोजी था लोकमाता की शादी खांडेराव होल्कर के साथ हुई लोक माता के पुत्र मालेराव होल्कर पुत्री मुक्ता पैदा हुई सन् 1774 में खांडेराव होल्कर एक युद्ध में शहीद हो गये अहिल्याबाई सती होना चाहती थी लेकिन उनके ससुर मल्लाराव होल्कर के समझाने से मान गयी और राजकार्य का



संचालन करने को तैयार हो गयी लोक माता ने शिक्षा, धार्मिक क्षेत्र एवं अन्य जन कल्याणकारी कार्यक्रम कराये आज भी उनकी कार्य शैली प्रासांगित है।बघेल पाल समाज में मुख्यमंत्री देवराज अर्स, भूपेश बघेल एवं सिद्वा रमैया ने समाज का गौरव बड़ाया है। सांसद बंशीधर धनगर, राजाराम पाल, चन्द्रप्रभा अर्स, चेनाबडियार वर्तमान में केन्द्र सरकार में मंत्री एस.पी. सिंह बघेल निर्वाचित हुए एवं कई राज्यों में विधायक भी है।बघेल पाल समाज ज्योतिराव फुले, डॉ. भीमराव अम्बेडकर, बीरांगना अवन्ती बाई, दुर्गादास राठौर, पैरियार रामास्वामी नायकर एवं अन्य महापुरूषों की जयंती एवं पुण्यतिथि में शरीक होकर भाईचारा पैदा कर रहा है इस लिए सर्व समाज को दिनाक 31 मई को होने वाली विशाल रैली में सामिल होने हेतु आमंत्रण दिया गया है।वाहन रैली पांचों विधानसभा से आ रही है, जिले भर के सभी वाहन लगभग 10ः 30 बजे से चलकर 1ः 30 बजे पुरानी गल्ला मण्डी भिण्ड में पहुंचेगें। मेहगाँव विधानसभा के वाहन सी.आर.टी. पैलेस वनखण्डेश्वर रोड मेहगाँव में एकत्रित होकर रैली सदर बाजार होती हुई मुरैना ग्वालियर तिराहे से भिण्ड के लिए प्रस्थान करेगी।

विधानसभा भिण्ड के वाहन फूले का पुरा, नयागाँव, मुहण्ड ऊमरी होते हुए भिण्ड पहुंचेगें। लहार विधानसभा के वाहन लहार से चलकर भिण्ड पहुंचेगें। अटेर विधानसभा के वाहन रैली प्रतापपुरा से आरंभ होकर भिण्ड के लिए प्रस्थान करेगी। गोहद विधानसभा से वाहन रैली गोहदी से प्रारंभ होकर भिण्ड के लिए प्रस्थान करेगी। 2 बजे विशाल वाहन रैली पुरानी गल्ला मण्डी भिण्ड से परेड़ चौराहा, सुभाष तिराहा, भारौली तिराहा, लहार चौराहा, बायपास रोड़ से एम.जे.एस. कॉलेज के सामने स्वतंत्र नगर में अवन्तीबाई की प्रतिमा पर रैली का समापन होगा। रैली में वाहनों पर पीले कलर का झण्डा जिसमें बघेल पाल समाजा जिंदाबाद एवं लोकमाता का चित्र अंकित होगा। रैली निकलने वाले मार्ग में जगह- जगह सर्व समाज द्वारा स्वागत किया जावेगा।

# सुबह आई आंधी एवं पानी से बिजली ठप बहाल करने के लिए खुद बिजली विभाग प्रबंधक ने संभाला मोर्चा



**पुष्पांजली टूडे संवाददाता मालनपुर**
**पहलवान सिंह राजावत**





मालनपुर नगर उद्योग क्षेत्र में आज सुबह तेज आंधी और रिमझिम बारिश में पेड़ टूट जाने से बिजली सप्लाई ठप हो गई थी जिसकी सूचना मिलते ही तत्काल बिजली विभाग प्रबंधक हरीश मेहता ने अपनी टीम के साथ खुद टूटे हुए तारों की मरम्मत कराने हेतु मोर्चा संभाला और कहा कि नगर में उद्योग क्षेत्र में हमारा निरंतर प्रयास है कि बिजली 24 घंटे उपलब्ध कराई जाए लेकिन उपभोक्ताओं से भी अनुरोध है कि बिजली का बिल समय पर जमा करें नहीं तो आपका कनेक्शन काट दिया जाएगा और चोरी का प्रकरण भी दर्ज होगा यह जानकारी देते हुए बताया है की मालनपुर नगर में लगभग उद्योग क्षेत्र को मिलाकर 3800 बिजली कनेक्शन है और 250 के लगभग लघु इकाइयों के कनेक्शन है लगभग 60 कनेक्शन बड़ी इकाइयों के भी है मगर इनमें लगभग 20से 25 परसेंट ही बिजली बिल उपभोक्ता बिजली के बिल पूर्ण रूप से जमा करते हैं एवं मालनपुर बिजली विभाग में कर्मचारियों की भी कमी है जिससे भी क्षेत्र में बिजली की समस्या बनी रहती हैं आज सुबह तेज आंधी पानी से 33केवी 11 केवी एवं तारों के ऊपर सपेता के पेड़ गिर जाने से लाइन फोल्ड हो गई जिससे टेवा एवं नोवा कंपनी की लाइन प्रभावित हुई बिजली के तार टूट जाने से सुबह से बिजली विभाग समूचा अमला बिजली को सुधारने में लगे रहे तब जाकर के कहीं शाम 3बजे बिजली बहाल हो पाई

# युवक ने फांसी लगाकर कि जीवन लीला समाप्त



**खरगोन जिले से मुन्ना खान पुष्पांजली टुडे**

टांडा बरूड़-थाना क्षेत्र के ग्राम सिनखेडा में युवक दिपक उर्फ लालु पिता रामसिंग उम्र 29 वर्ष ने अपने घर पर साड़ी के फंदे से फांसी लगाकर जीवन लीला समाप्त कर ली थाना पुलिस को सुचना मिलते ही पुलिस तत्काल घटना स्थल पर पहुंच कर पंचनामा बनाकर कर लाश को अपने कब्जे में लेकर पीएम करवाकर लाश को परिवार के सुपुर्द किया गया पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू की वहीं मृतक के काका गुलाब सिंग पिता छगन द्वारा बताया की मे खरगोन रहता हु मुझे सिनखेडा गांव से परिवार के द्वारा सुचना प्राप्त हुई
कि मेरे भतीजे दीपक ने साड़ी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली जिसकी सुचना मिलते ही में ग्राम सिनखेड़ा घर पर पहुंचा और मेरे द्वारा पुलिस थाने पर सुचना दी गई।

**बाइट- राजेंद्र मण्डलोई प्रधान आरक्षक 327**
**बाइट- मृतक के काका गुलाब सिंग पिता छगन**

# थाना मौ जिला भिण्ड पुलिस द्वारा 07 सटोरियो के विरुद्ध की गई कार्यवाही

**पुष्पांजलि टुडे रिपोर्टर मौ डॉ. बेताल सिंह गौड़**

श्रीमान पुलिस महानिरीक्षक महोदय चम्बल जॉन श्री सुशान्त सक्सेना एवं श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय भिण्ड श्री मनीष खत्री एवं श्रीमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय जिला भिण्ड श्री कमलेश कुमार खरपुसे के निर्देशन मे अवैध हथियार, शराब एवं अवैध सट्टा पर कार्यवाही करने हेतु चलाये जा रहे अभियान के दौरान श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) गोहद श्री सौरभ कुमार एवं थाना प्रभारी श्री उदयभान सिंह यादव के निर्देशन मे दिनांक 26/05/2023 को मुखबिर सूचना पर से कस्वा मी मे अलग अलग टीम द्वारा अलग-अलग जगह से 07 सटोरियो को सट्टा लगाते हुये पकड़ा गया जिनमे आरोपी (1) करु उर्फ अमरेश पुत्र भूरे सिंह यादव उम्र 36 साल निवासी वार्ड क्र 03 लुहारपुरा मौ से 675 रुपये (2) अबरार खान पुत्र सुल्तान खान उम्र 38 साल निवासी वार्ड क्र 11 गोरियन टोला कस्वा मौ से 780 रुपये (3) गुलाब सिंह पुत्र रामसिया यादव उम्र 40 साल निवासी वार्ड क्र 14 कस्वा मौ से 595 रुपये (4) रवि पुत्र बालाराम सिंह यादव उम्र 34 साल निवासी वार्ड क्र 4 कारीगर मोहल्ला मौ थाना मौ से 920 रुपये (5) गुलाब सिंह कुशवाह पुत्र जसवन्त सिंह कुशवाह उम्र 27 साल निवासी वार्ड क्र 14 मौ से 1205 रुपये (6) राम यादव पुत्र प्रताप सिंह यादव उम्र 28 साल निवासी वार्ड क्र 8 कस्वा मौ से 1795 रुपये (7) रोहित तिवारी पुत्र आनन्द तिवारी उम्र 24 साल निवासी वार्ड क्र 05 कटरा मोहल्ला मौ से 1040 रुपये पृथक- पृथक कुल नगदी 7010 रुपये और सट्टा पर्चियां मय पेन के जप्त की जाकर 07 आरोपियो के विरुद्ध पृथक पृथक अपराध क्रमांक 125/2023,127/2023,128/2023,129/2023,130/2023,131/2023,132/2023 धारा 4(क) सट्टा एक्ट के पंजीबद्ध कर विवेचना में लिये गये है।

**सराहनीय भूमिका** - उक्त सराहनीय कार्य मे पुलिस थाना मौ के निरीक्षक उदयभान सिंह यादव, उनि0 अरविन्द सिंह यादव, उनि प्रवेन्द्र सिंह, सउनि नेतराम सिंह, सउनि पंचम सिंह, सउनि मुन्ना सिंह, प्र. आर 573 अजय शर्मा, प्र. आर 398 इरशाद अली, प्रआर 825 राजकुमार, आर 62 अजय यादव, आर 930 ओमवीर सिंह, आर 1091 जहीर मोहम्मद, आर. 699 सुभाष, आर 470 रंजीत सिंह, आर 897 सत्यप्रताप आर 1111 गन्धर्व सिह गुर्जर, आर 1162 भगवत सिंह, आर 1048 धर्मेन्द्र सिंह, आर 564 अनिल कुमार, आर 568 रामेन्द्र सिंह, आर 639 शैलेन्द्र सिंह, आर 963 जितेन्द्र शर्मा, आर 1123 दीवान सिंह गुर्जर, आर चालक 1372 अचित्र सिह सैनिक 100 जितेन्द्र सिंह की सराहनीय भूमिका रही है।

# खरगोन पुलिस द्वारा अवैध शराब तस्कर के विरुद्ध की गई कार्यावाही

**खरगोन जिले से मुन्ना खान पुष्पांजली टुडे**

**24 पेटी अवैध शराब जप्त**

**जप्तशुदा अवैध शराब की कीमत लगभग 1,28,400/- रुपये**

**परिवहन मे उपयोग की गई 01 कार भी जप्त कीमत लगभग 07 लाख रुपये**

पुलिस अधीक्षक खरगोन श्री धर्मवीरसिंह द्वारा शासन स्तर पर चलाये जा रहै विशेष अभियान मे अवैध शराब की तस्करी करने वाले एवं परिवहन करने वालो पर अंकुश लगाने हेतु निर्देशित किया गया था । उक्त निर्देशों के पालन मे जिले के समस्त अनुभाग के अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) व समस्त थाना प्रभारियों को प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया था । इसी तारतम्ड़य में थाना महेश्वर मे पुलिस टीम द्वारा अवैध शराब परिवहन करने वालो के विरुद्ध कार्यवाही



की गई है ।दिनांक 25.05.23 को थाना महेश्वर की चौकी काकडदा पर सूचना प्राप्त हुई की मानपुर तरफ से एक सिल्वर कलर की पुरानी ईनोवा कार क्र. एमपी 09 सीबी 8146 का चालक उसकी कार में अवैध शराब भरकर एबी रोड से धामनोद तरफ लेकर आ रहा है । मुखबिर की सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए पुलिस टीम का गठन कर ग्राम बाकानेर सरकारी स्कुल के सामने जाकर एबी रोड पर नाकाबंदी की गई । थोड़ी देर बाद मुखबिर के बताए अनुसार ईनोवा कार क्र. एमपी 09 सीबी 8146 आते दिखाई दी जिसे पुलिस टीम द्वारा हाथ देकर रोकने का इशारा करने पर ईनोवा कार का चालक उसकी कार को नही रोककर भगाकर ले जाने का प्रयास करने लगा और ओवर टेक करने में रोड किनारे बांयी तरफ लगी लोहे की रेलिंग में जाकर गाडी से टक्कर मार दी दी जिससे ईनवा गाडी आगे से क्षतिग्रस्त हो गयी । कार का चालक अंधेरे का फायदा ऊठाकर मौके से फरार हो गया । ईनोवा गाडी की तलाशी लेने पर उसमे 24 पेटीया शराब की भरी हुई थी । पेटियो के अंदर की शराब को चैक किया तो उसमें गोवा कंपनी की कुल 24 पेटियो में 216 बल्क लिटर शराब पाई गई । शराब परिवहन करने का लाईसेंस व गाडी के कागजात देखने पर नही होना पाये गये। गाडी में रखी शराब का मौके पर कोई वैध दस्तावेज नही होने पर कार क्रमांक एमपी 09 सीबी 8146 के चालक का कृत्य धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत दण्डनीय पाया जाने से घटना स्थल से 24 पेटीया गोवा विस्की की किमती 1,28,400/- रुपये की व सिल्वर रंग की कार ईनावा क्र एमपी 09 सीबी 8146 किमती करीबन 700000 /- रुपये कुल किमती 8,28,400/- रुपये को विधिवत जप्त थाना महेश्वर मे धारा 34(2) आबकारी अधिनियम का पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया ।

**पुलिस टीम**

उक्त की गई कार्यावाही में अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) अनुभाग मंडलेश्वर श्री मनोहर गवली व थाना प्रभारी महेश्वर श्री पंकज तिवारी व चौकी प्रभारी काकडदा उनि. भोजराज परमार के नेतृत्व मे प्रआर 464 किशोर मंडलोई, आर 289 बलवीर यादव, आर 325 पूनम बरडे व अन्य थाना स्टाफ का योगदान रहा ।

# आधुनिक भारत के निर्माता थे नेहरू : कौशिक



**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

मौ । भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू की 59 वी पुण्यतिथि पर मौ ब्लॉक कांग्रेस द्वारा उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। जिला महामंत्री राजीव कौशिक ने कहा कि पं जवाहरलाल नेहरू आधुनिक भारत के निर्माता थे।उनके किये गये कार्यो के लिये राष्ट कृतज्ञ है। मौके पर जिला उपाध्यक्ष डॉ रणवीर सिंह यादव मौ ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष प्रदीप यादव मण्डलम अध्यक्ष रामेश्वर यादव,लोकेंद्र सिंह यादव, राम अवतार शिवहरे,धर्मेंद्र बाबा,इड़बाल खान,अनुपम राणा, धर्मेंद्र बघेल,इरसाद खान,पप्पू कुशवाह रोहित,यादव,सुरेश यादव, राकेश सिंह बालाराम आदि कार्यकर्ताओ ने पं. नेहरू को श्रद्धांजलि अर्पित की।

# गोहद में आम आदमी पार्टी का विधायक बनते ही , करेगी मौ कस्बे की पानी का निवारण : मनीक्षा सिंह तोमर




**डॉ बेताल सिंह रिपोर्टर**
**पुष्पांजली टुडे**

**मौ (गोहद)** में आम सभा का आयोजन हुआ । मनीक्षा सिंह तोमर ने बताया -कांग्रेस को गोहद की जनता ने दो बार मौका दिया विधायक के रूप , लेकिन फिर भी जनता वंचित है अपनी मूलभूत सुविधाओं से । भाजपा के नामी मंत्री श्री लाल सिंह आर्य जी भी गोहद के विकास के लिए कुछ नहीं कर सके , जनता अब भाजपा कांग्रेस से निराश होकर नया विल्कप ढूंढ रही है ।और वो विकल्प अब आम आदमी पार्टी है

## सूचना

मैं अमित कुमार मलैया पिता श्री जय कुमार मलैया मेरा पासपोर्ट नंबर रू9312010 के अनुसार पूर्व में मेरा नाम अमित मलैया हो गया था जिसके 8 साल बाद पुनः पासपोर्ट रिनुअल हेतु मेरे समस्त दस्तावेज जैसे आधार कार्ड पैन कार्ड एवं मेरे बेटी के जन्म प्रमाण पत्र में मेरा नाम अमित कुमार मलैया है अनुसार मेरे पासपोर्ट में संशोधन हेतु विज्ञप्ति जारी कर रहा हूं ताकि मेरे पुराने पासपोर्ट में मेरा नाम अमित कुमार मलैया किया जावे। एवं आगे से मुझे अमित कुमार मलैया नाम से जाना जावे।

# नरसिंहढ़ प्लांट में तकनीकी सेमिनार का आयोजन किया गया

**रीतेश अवस्थी**
**पुष्पांजली टुडे**

दमोह। माईसेम सीमेंट दमोह प्लांट द्वारा एकलव्य यूनिवर्सिटी दमोह के सिविल इंजीनियरिंग ब्रांच के सभी विद्यार्थियों एवं सिविल विभाग के अध्यापको को आमंत्रित कर माईसेम सीमेंट के दमोह में स्थित नरसिंहगढ़ प्लांट में तकनीकी सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमे सीमेंट मैन्युफैक्चरिंग की कम्पलीट प्रोसेस की जानकारी देकर दोनों प्लांटों को भौतिक रूप से दिखाया गया। जिसमे विद्यर्थियो ने देखा की हाईडेलबर्ग सीमेंट जो की विश्व में सीमेंट उत्पादन की सबसे बड़ी कंपनी किस प्रकार से माईसेम सीमेंट का उत्पादन निरंतर 150 वर्षो के अनुभव के साथ हमारे दमोह जिले एवं देश-विदेश में कर रही है साथ साथ एकलव्य यूनिवर्सिटी के विद्यार्थियों ने देखा की सम्पूर्ण प्लांट को बहुत साफ और स्वच्छता के साथ सीमेंट का चलाया जा रहा है माईसेम सीमेंट कंपनी का विशेष उद्देश्य है की दमोह जिले एवं आसपास के सभी जिले के लोगो को जर्मन तकनीकी के द्वारा बनाया गया उच्चगुणवत्ता का सीमेंट ताड़ा उपलब्ध कराया जाये ताकि



भविष्य में तापमान की वृद्धि को देखते हुए उनके द्वारा निर्मित कार्य में किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। विद्यार्थियों एवं सिविल विभाग के अध्यापको ने सीमेंट उत्पादन में उपयोग हो रहे सभी रॉ मटेरियल को भौतिक रूप से देखा साथ साथ देखा की कंपनी हर एक स्टेप पर मटेरियल की गुणवत्ता की जाँच करती है जिससे कि उत्तम गुणवत्ता का सीमेंट का उत्पादन हो ताकि निर्माण कार्य को बेहतर बनाया जा सकें। एकलव्य यूनिवर्सिटी के सिविल विभाग के एच.ओ.डी. डॉ अनुदीप नेमा, कोर्डिनेटर हरिराम साहू ने विशेष रूप से बताया की जिले में स्थित यह कंपनी का उद्देश्य उच्च क्वालिटी का सीमेंट उत्पादन के साथ साथ ग्राहक को बेहतर सर्विस देना भी है ताकि निर्माण कार्य को मजबूत एवं टिकाऊ बनाया जा सके द्य इस एक दिवसीय कार्यक्रम में माईसेम सीमेंट प्लांट के हेड सुनील कुमार, लॉजिस्टिक हेड कमल महेश्वरी, एडमिन इंचार्ज दीपक ठाकुर, रवि सिंह, सौरभ यादव, तथा एम पी-2 के कस्टमर सर्विस इंचार्ज इंजी.सर्वेश श्रीवास्तव के द्वारा इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे दमोह के कस्टमर सर्विस अधिकारी इंजीनियर मुकेश भुसारे, टेक्निकल ऑफिसर इंजीनियर संजू बर्मन उपस्थित थे।

# कलेक्टर ने 17 विभागों की 140 शिकायतों पर 100 रूपये के मान से 14 हजार रूपये का जुर्माना अधिरोपित किया

**पुष्पांजली टुडे**




**दमोह।** सीएम हेल्पलाईन पोर्टल पर माह अप्रैल 2023 में अनिराकृत पाई गई शिकायतें जिनके निराकरण एल-1 एवं एल-2 अधिकारियों द्वारा समय-सीमा में नहीं किये जाने एवं वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा जारी निर्देशों की अव्हेलना किये जाने के फलस्वरूप कलेक्टर मयंक अग्रवाल ने 17 विभागों की 140 शिकायतों पर 100 रूपये के मान से 14 हजार रूपये का जुर्माना अधिरोपित किया है।कलेक्टर अग्रवाल ने निर्देशित किया है कि अर्थदण्ड की राशि 07 दिवस में लोक सेवा प्रबंधन दमोह के कार्यालय (कक्ष कमांक 72, कलेक्ट्रेट) में जमा कर रेडक्रास सोसाइटी की रसीद प्राप्त करें, साथ ही आदेशित किया है कि शिकायतों के अनिराकृत होने की पुर्नावृत्ति न हो। ज्ञातव्य है नागरिकों की शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण एवं संतु?ष्टि पूर्ण निराकरणय करने हेतु मध्यप्रदेश शासन द्वारा सीएम हेल्पलाईन 181 को संचालित किया जा रहा है। सीएम हेल्पलाईन 181 पोर्टल पर नागरिकों से प्राप्त शिकायतों के निराकरण में एल-1 एवं एल-2 अधिकारियों का मुख्य उत्तरदायित्व रहता है। शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण एवं संतुष्टिपूर्ण निराकरण के संबंध में लोक सेवा प्रबंधन विभाग द्वारा पर्याप्त प्रशिक्षण भी दिया गया है, साथ ही समय-समय पर निर्देश भी जारी किये गये है। प्रशिक्षण एवं निर्देशों के उपरांत भी सीएम हेल्पलाईन पोर्टल पर प्राप्त शिकायतें अनिराकृत पाई जा रही है।

# भाजपा मंडल ककरहटी में शक्ति केंद्र ककरहटी में बूथ विजय संकल्प अभियान कार्यक्रम आयोजित

**ककरहटी** - भारतीय जनता पार्टी मण्डल ककरहटी में शक्ति केंद्र ककरहटी के बूथ विजय संकल्प अभियान का तृतीय व अंतिम कार्यक्रम ककरहटी के गुरू मंगलम स्कूल में आयोजित किया गया।जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अथिति एवं वक्ता ड़ां राजेश वर्मा पूर्व विधायक, जिला महामंत्री, मंड़ल अध्यक्ष भाजपा दीपक शर्मा, उपस्थित रहें। कार्यक्रम का प्रारंभ पण्डित दीनदयाल उपाध्याय व श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमाओं पर



माल्यार्पण कर किया गया। शक्ति केंद्र प्रभारी द्वारा सभी आगन्तुकों का स्वागत किया। तथा कार्यक्रम के मुख्यथिति ने सभी भाजपा पदाधिकारियो व कार्यकर्ताओं से प्रत्येक बूथ को मजबूत करने की योजना तैयार की गई व प्रत्येक बूथों में बीएलए एवं बूथ में 20-20 युवाओ की टोली तैयार करने के लिये कहा गया एवं संगठित होकर भाजपा के बूथ विजय संकल्प अभियान को गति प्रदान करना हैं। कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ व कनिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# वीर आल्हा जी की 883 वीं जयंती पर हुआ आल्हा जी की प्र्रतिमा का अनावरण निकाली गयी शोभायात्रा

**रीतेश अवस्थी**
**पुष्पांजली टुडे**

**दमोह।** महावीर आल्हा जी की 883 वी जयंती के उपलक्ष्य में 24 परगना महोबिया समाज जिला दमोह द्वारा घाट इमलिया में आल्हा जी की मूर्ति स्थापित की गई जिस के उपलक्ष्य में भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई जिसमें मुख्य रूप से जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रतन चंद जैन द्वारा मूर्ति का अनावरण किया गया। हटा विधायक पी एल तंतुवाय की धर्मपत्नी रामकली तंतुवाय, जिला कांग्रेस अध्यक्ष रतनचंद्र जैन,जिला कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष कमलेश उपाध्याय, जिला पंचायत सदस्य चटन पटेल, सरपंच जुगल यादव, पूर्व सरपंच रोहित जैन एवं शरद दुबे की विशेष उपस्थिति रही। वैदिक रीति रिवाज से ग्राम प्रमुख देवी देवताओं




का पूजन कर ढोल नगाड़ों के साथ कुलियांक माता का पूजन कर शोभा यात्रा आरंभ हुई। शोभायात्रा एवं प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम में पधारे महोबिया समाज के विभिन्न सामाजिक बंधुओं ने समाज में एक संगठन के रूप में कार्य करने एवं समाज में व्याप्त कुरीतियों को सुधारने एवं आधुनिकता सभ्य समाज की ओर बढ़ने की बात कही। समिति द्वारा आगंतुक अतिथियों का स्वागत किया गया। विभिन्न क्षेत्रों से पधारे महोबिया समाज के पुरुषोत्तम लाल महोबिया, रामकिशोर, सुरेंद्र नेमचंद कैलाश महोबिया संतोष पटवारी अशोक कुमार रमेश लाल पुनाराम महोबिया रामकुमार सीताराम मनोज कुमार मुन्नालाल अंबिका प्रसाद राजू महोबिया रहे। स्थानीय आयोजन समिति में गोविंद महोबिया, सोना, कोमल, प्रीतम, दयाराम,गुलाब,साहब सिंह, हल्लू, विश्वनाथ, राधेलाल,रामलाल, बल्लू नेता,नारायण महोबिया, मल्लू राम, खूबचंद,मुकेश बीरन, सरमन, दुर्गेश,संदीप, पुष्पेंद्र,नत्थू लाल,शत्रुघ्न रहे। वही मीडिया प्रभारी कन्छेदीलाल और मंच संचालन जगदीश महोबिया ने किया।

# प्रदेश के विधानसभा अध्यक्ष गिरीश गौतमआज दमोह आयेंगे



**पुष्पांजली टुडे**

दमोह। प्रदेश के विधानसभा अध्यक्ष गिरीश गौतम आज 28 मई 2023 को प्रातः 9 बजे सलैहा से चलकर प्रातः 11.30 बजे दमोह आयेंगे। दोहपर 12.30 बजे तक का समय आरक्षित रखा गया है। विधानसभा अध्यक्ष गौतम दोपहर 12.30 बजे विश्रामगृह से स्थानीय मानस भवन अम्बेडकर चौक के लिये प्रस्थान कर दोपहर 1 बजे अंबेडकर चौक में छात्रक्रांति दल एवं छात्र सर्व कल्याण समिति द्वारा आयोजित ÷युवा समागम÷ कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सम्मिलित होंगे एवं अपरान्ह 3 बजे दमोह से रीवा के लिये प्रस्थान करेंगे।

# जिला पंचायत सीईओ ने जनपद खनियाधाना में आयोजित शिविर में हितग्राहियों की समस्याओं का मौके पर ही किया निराकरण



**राकेश परिहार पिछोर**

**शिवपुरी,** मुख्यमंत्री जनसेवा अभियान 2 के तहत जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी उमराव सिंह मरावी द्वारा गत दिवस जनपद पंचायत खनियाधाना में सीएम हेल्पलाइन की प्राप्त शिकायतों का मौके पर ही निराकरण किया गया।शिविर के दौरान ऐसी शिकायतें जो 15 अप्रैल 2023 के पूर्व से लंबित हैं उनके आवेदकों को एवं संबंधित ग्राम पंचायत के सचिव एवं रोजगार सहायक को बुलाया गया तथा आवेदक की सुनवाई की गई एवं सुनवाई उपरांत मौके पर ही निराकरण कराया गया तथा निराकरण उपरांत आवेदक द्वारा शिविर से ही 181 पर फोन लगाकर अपनी सीएम हेल्पलाइन में सहमति दर्ज करा कर शिकायत को बंद कराई गई। जिला पंचायत सीईओ द्वारा आवेदक को सम्मानित भी किया गया। इस शिविर के दौरान मौके से 19 शिकायतें जो जनसेवा अभियान के तहत लंबित थी उनका निराकरण करा कर सहमति पूर्वक बंद कराई गई। शिविर के एक दिवस पूर्व सीईओ जिला पंचायत के निर्देशों के क्रम में भी जनपद पंचायत खनियाधाना में 21 जनसेवा अभियान की शिकायतों का निराकरण कराया गया था।

# नरसिंहगढ़ का ऐतिहासिक 242 वाँ उर्स मुबारक शानो शौकत से मनाया गया

## अढीदत मन्दो का उमड़ा जन सैलाब



**रीतेश अवस्थी**
**पुष्पांजलि**

**दमोह।** नरसिंहगढ़में हजरत बाबा तैयब अली शाह साहब का 242 वाँ उर्स मुबारक हर साल की तरह इस साल भी बडी शानो शौकत के साथ मनाया गया नरसिंहगढ़ उर्स कमेटी के सचिव आरिफ अंजुम ने जानकारी देते हुए बताया की उर्से पाक में देश प्रदेश से हर वर्ग हर समाज के हजारों अडीदत मन्द ह?रात शामिल हुए। उर्स का आगाज शाही सन्दल व चादर से 24 मई को नया बाजार दमोह से हुआ दिनांक 25 मई 2023 गुरुवार को मीलाद शरीफ व महफिले सिमा हुई। 26 मई 2023 शुक्रवार महफिले कब्बाली का शानदार आयोजन हुआ जिसमें मुस्तडा नाडा मुम्बई व राजू मुरली कब्बाल शाहजहांपुर ने शानदार कब्बलियाँ पेश की उर्स पाक में लगभग एक से डेढ़ लाख अडीदत मन्दो का सैलाब उमड़ा उर्स कमेटी में उर्स के मेहमाने खुशुशी के रूप में पथरिया विधायक श्रीमती राम बाई ,रतन चंद जैन,माईसिम यूनिट हेड सुनील कुमार ,नगर पालिका अध्यक्ष मंजू वीरेंद्र राय , मनु मिश्रा,महेंद्र दुबे,रंजीता गौरव पटेल अध्यक्ष जिला पंचायत,नरसिंहग? सरपंच राजेन्द्र विदौलिया ,श्रीमती भावना दांगी सी सी एस पी ,देहात थाना प्रभारी सतेंद्र सिंह, हाजी अमजद डायमण्ड,शेख र खान सभापति के अलावा सभी सम्मानीय जनों,सम्मानीय पत्रकार एवं ह?रों लोगों ने शिरकत की। उर्स कार्यक्रम का सफल संचालन आसिफ अंजुम ने किया।

## नालीपुरा मैं चल रही भागवत कथा में चौथा दिन वामन भगवान का आगवन हुआ़ भक्तो ने भाव पूर्वक किए दर्शन

भिंड जि़ले के ग्राम नालीपुरा में ग्राम वासियों के द्वारा कारश देव बाबा के स्थान पर की जा रही भागवत कथा का वाचन पंडित श्री मधुर कृष्ण शास्त्री जी के द्वारा किया जा रहा है आज कथा का चौथा दिन था आज कथा में भगवान वामन जी का कथा में आगवन हुआ वामन भगवान के भक्तो ने भारी संख्या में दर्शन किए और भगवान के दर्शन और पैर पूजाई की बावन भगवान के भक्तो को देखकर ऐसा लग रहा था मानो की सच मुच में भगवान ने अवतार ले लिया हो

## बाल साहित्य अकादमी

# हमें नेहरू को पढ़ना चाहिए, उनकी बातों को आत्मसात करना चाहिए : डॉ.कल्ला

## मंत्री डॉ. बी. डी. कल्ला ने किया चित्र प्रदर्शनी का उद्घाटन



**जयपुर 27मई।** पंडित जवाहर लाल नेहरू बाल साहित्य अकादमी की ओर से शनिवार को पं. नेहरू की पुण्यतिथि पर एक अनुपम कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शिक्षा,कला साहित्य एवं संस्कृति मंत्री डॉ. बी. डी. कल्ला ने 'युग निर्माता-भारत सृजनकर्ताः पं. नेहरू' विषय पर अपने विचार रखते हुए कहा कि पं. नेहरू ने देश को जो विकास की राह दिखायी उस पर चलकर भारत आज यहां तक पहुंचा है। उन्होंने कहा कि हमें नेहरू को पढ़ना चाहिए, उनकी बातों को आत्मसात करना चाहिए। उनकी तरह बनना है तो निरंतर पढ़ाई करनी चाहिए। उन्होने बाल अकादमी की ओर से अल्प समय में साठ पुस्तकें प्रकाशित करने पर बधाई दी। उन्होने कहा कि अकादमी की ओर से प्रारंभ में प्रदेश के 100 महात्मा गांधी स्कूलों में छात्रों के लिए पुस्तकें प्रदान की जाएंगी। इसी तरह राज्य स्तरीय नेहरू प्रदर्शनी को अन्य राज्यों में लगाने का प्रयास किया जाएगा। अकादमी अध्यक्ष इकराम राजस्थानी ने कहा कि पं. नेहरू की पुण्यतिथि पर हमें इस बात पर विचार करना चाहिए कि कैसे हम अमन, प्रेम, साम्प्रदायिक सद्भाव को मज़बूत करते हुए नए भारत का निर्माण करेंगे। मुख्य वक्ता वरिष्ठ साहित्यकार फारूक आफरीदी ने कहा कि नेहरू जी एक सम्पन्न परिवार से थे। वे चाहते वैभवशाली जीवन जी सकते थे। विदेश से पढ़ाई वकालत के बल पर धन कमा सकते थे लेकिन उन्होंने देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। उन्होंने गांधी जी की अगुवाई में आजादी के संघर्ष की कठिन राह चुनी। प्रधानमंत्री रहते हुए उन्होंने राष्ट हित में स्वाध्याय करना नहीं छोड़ा। उन्होंने जिन संविधानिक संस्थाओं को खड़ा किया उससे हमारा लोकतंत्र दुनिया में मजबूती से खड़ा है।वे बच्चों से बेहद प्यार करते थे।वे देश या विदेश जहां भी जाते बच्चों के लिए उपहार ले जाना नहीं भूलते थे। उन्होंने बच्चों के बेहतर भविष्य की अनेक योजनाएं बनाई। उन्होने सांप्रदायिक सद्भाव को कमजोर नहीं होने दिया। प्रखर चिन्तक और विचारक डॉ. राघव प्रकाश ने कहा कि पं. जवाहर लाल नेहरू ने भारत एक खोज लिखी थी। भारत पहले भी था, लेकिन वह इंडिया में कहीं खो सा गया था। उन्होंने अपनी डिस्कवरी में उस इंडिया को फिर से खोजा, उसकी डिस्कवरी की। नेहरू ने हमारी जड़ों से हमें रूबरू करवाया। अब हमें और आप सबको जरूरत है अपने आप को डिस्कवर करने की। जीवन का उद्देश्य तलाशने की, उसकी खोज करने की। गांधीवादी चिंतक प्रो.नरेश दाधीच ने कहा कि एक बार किसी ने नेहरू जी से पूछा कि आप किस रूप में याद किए जाना चाहते हैं तब उन्होंने जवाब दिया कि मैं ऐसे इंसान के रूप में याद किया जाना चाहता हूं, जिसमें लाखों कमियां थी, लेकिन जो अपने देश और देशवासियों से प्रेम करता है। व्याख्यान की अध्यक्षता शिक्षाविद केशव बड़ाया ने की। पं. जवाहर लाल नेहरू बाल साहित्य अकादमी अध्यक्ष इकराम राजस्थानी ने अतिथियों का स्वागत किया और सचिव राजेंद्र मोहन शर्मा ने मंच संचालन किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवाओं और बच्चों ने हिस्सा लिया।प्रारंभ में मंत्री डॉ. बी. डी. कल्ला ने चित्र प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। प्रदर्शनी में नेहरू के बचपन से लेकर राजनीतिक जीवन को दर्शाने वाले दुर्लभ चित्रों को दर्शाया गया। प्रदर्शनी 30 मई तक प्रातः 10 से सायं 5 बजे तक जारी रहेगी।



## सर्किल जेल शिवपुरी में नवनिर्मित मुलाकात कक्ष का लोकार्पण

# शिवपुरी, सर्किल जेल शिवपुरी में नवनिर्मित मुलाकात कक्ष का लोकार्पण अरविन्द कुमार, महानिदेशक जेल एवं सुधारात्मक सेवाएं, जेल मुख्यालय भोपाल द्वारा किया गया

**राकेश परिहार पिछोर**

इस अवसर कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी रवीन्द्र कुमार चौधरी एवं पुलिस अधीक्षक रघुवंश सिंह, जेल अधीक्षक सर्किल जेल शिवपुरी रमेशचंद्र आर्य तथा उप जेल अधीक्षक दिलीप सिंह सर्किल जेल शिवपुरी, जेल चिकित्सक डॉ.जलज शर्मा एवं अतुल सिन्हा, जेल अधीक्षक, जिला जेल गुना, शफीक अहमद सिद्दीकी, जेल अधीक्षक, जिला जेल अशोकनगर, व्ही.एस.मौर्य, उप जेल अधीक्षक, जिला जेल श्योपुर एवं सब जेल पोहरी, कोलारस, पिछोर,





करैरा एवं चांचौडा के समस्त प्रभारी व जेल स्टाफ उपस्थित रहा। सर्किल जेल शिवपुरी के जेल अधीक्षक रमेशचंद्र आर्य द्वारा जानकारी देते हुये बताया गया कि पूर्व में जो मुलाकात कक्ष निर्मित था उसमें तीन से चार बंदियों की एक बार में मुलाकात हो पाती थी जिससे मुलाकात के समय बंदियों के परिजनों को मुलाकात हेतु इंतजार करना पड़ता था और मुलाकात करने के लिये अपनी बारी का इंतजार करना प?ता था। इस समस्या को दृष्टिगत रखते हुये नवीन मुलाकात कक्ष का निर्माण किया गया है जिसमें एक बार में 18 से 20 बंदियों की मुलाकात हो सकेगी जिससे बंदियों के परिजनों को मुलाकात हेतु इंतजार नही करना पडेगा तथा नियमानुसार मुलाकात हेतु पर्याप्त समय मिलेगा।महानिदेशक जेल अरविन्द कुमार द्वारा महिला वार्ड का निरीक्षण किया गया, तदोपरांत जेल उद्योग का निरीक्षण करते हुये सर्किल जेल शिवपुरी में निर्मित जैकेट की क्वालिटी में सुधार करते हुये जैकेट में जेल का लोगो व जेल का नाम पृथक से अंकित किया जाये जिससे यह उत्पाद जेल ब्राण्ड के तौर पर पहचाना जा सकें। ज्ञातव्य है कि जेल मुख्यालय भोपाल द्वारा सर्किल जेल शिवपुरी के जेल उद्योग में निर्मित की जा रही जैकेट को विक्रय केन्द्र घोषित किया गया है। सर्किल जेल शिवपुरी में निर्मित जैकेट मध्यप्रदेश की समस्त जेलों को आवंटित की जायेगी।इस दौरान बंदियों द्वारा कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया जिसमें महिला बंदी द्वारा जेल शिक्षक के सहयोग से ÷स्वागत गीत÷ की रचना करते हुये गायन किया गया।महानिदेशक जेल ने ÷स्वागत गीत÷ को जेल मुख्यालय भोपाल भेजने हेतु निर्देशित किया गया। इस दौरान बंदियों के मनोरंजन के लिये 10 नग एल.ई.डी. टी.व्ही. एवंवाद्य यंत्र सर्किल जेल शिवपुरी को प्रदाय हेतु मौखिक मंजूरी की घोषणा की गई है। महानिदेशक जेल ने बंदियों को संबोधित करते हुये जेल के अनुशासन, उपलब्धियॉ वस्वच्छता की प्रशंसा करते हुये बंदियों से अपेक्षा की गई कि निरंतर अपना शत-प्रतिशत देने का प्रयास करें। इस दौरान महानिदेशक द्वारा जिला प्रशासन का जेल को मिल रहा सहयोग प्रशंसनीय बताते हुये इस तरह के सहयोग जारी रखने की अनुशंसा की ताकि सर्किल जेल शिवपुरी एक आदर्श जेल बन सकें।महानिदेशक ने शिवपुरी जेल में अल्प अवधि में जेल सुधार के प्रयासों की सराहना की और कहा कि उक्त कार्य इसी प्रकार जारी रखें। महानिदेशक जेल द्वारा सर्किल जेल शिवपुरी की प्रशंसा करते हुये कहा कि जहाँ कुछ अच्छा कार्य होता है देखने में खुशी मिलती है और बार-बार आने का मन करता है। इस दौरान सर्किल जेल अधिकारी जिला जेल गुना, अशोकनगर, श्योपुर एवं सब जेल पोहरी, कोलारस, पिछोर, करैरा एवं चांचौडा की समस्याओं की जानकारी लेते हुये प्रभारी अधिकारियों को निर्देश दिये गये कि जिला जेल गुना के जेल विस्तार, सब जेल चांचौड़ा में पानी व बाउण्ड्री वॉल, जिला जेल श्योपुर, सब जेल कोलारस व पोहरी में जेल के आगे व पीछे की तरफ बाउण्ड्री वॉल बनाने के संबंध में प्रस्ताव जेल मुख्यालय भोपाल भेजने तथा सब जेल करैरा में पानी की व्यवस्था के लिये उपयुक्त प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिये गये। सब जेल पिछोर के प्रभारी अधिकारी ने बताया कि महानिदेशक महोदय द्वारा कर्मचारी आवास से जेल तक पहुँच मार्ग बनाने के लिये लोक निर्माण विभाग को 12 लाख की स्वीकृति प्रदान कर बजट आवंटन कर दिया गया है।जेल अधिकारी के बैठक के उपरांत जेल अधीक्षक, सर्किल जेल शिवपुरी ने जेल के आस-पास जेल भूमि का अवलोकन कराकर मुलाकात प्रतीक्षालय, पेट्रोल पंपकृषि कार्य व गौ-शाला एवं खुली जेल आदि के प्रस्ताव पर स्वीकृति देने की अपेक्षा की गई है। सर्किल जेल शिवपुरी में पानी की समस्या के लिये नगर पालिका से शीघ्र पाईप लाईन डलवाकर जेल में रनिंग वाटर की समस्या को सर्वोच्च प्राथमिकता उपलब्ध कराने हेतु निर्देश दिये। जेल अधीक्षक ने बताया कि जेल में एक नवीन टयूवबेल है जिसमें मोटर पंप डलवाने का प्रस्ताव भेजा है जिसकी स्वीकृति अपेक्षित है। महानिदेशक जेल द्वारा सर्किल जेल शिवपुरी का संपूर्ण भ्रमण कर निरीक्षण करते हुये जेल की सुरक्षा व्यवस्था एवं स्वच्छता व अनुशासन की भूरि-भूरि प्रशंसा की गई।

# यूक्रेन विवाद सुलझाने में भारत से उम्मीदें

प्रधानमंत्री मोदी से पश्चिमी देशों की उम्मीदें बढ़ गई हैं, वे चाहते हैं कि यूक्रेन मामले को सुलझाने में वो लीड लें। यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की से जापान में मुलाक़ात के बाद सबने यह राय ज़ाहिर की थी। बाद में ऑस्ट्रेलिया के दौरे में भी इस भगीरथ प्रयास की ज़िम्मेदारी प्रधानमंत्री मोदी के कंधे पर डाली गई है। अमेरिकन डिप्लोमेट राल्फ बंचे ने 1948-49 में अरब-इस्राइल के बीच युद्धविराम और शांतिवार्ता की पहल की थी। 1950 में बंचे को नोबेल शांति पुरस्कार मिला था। 1973 में वियतनाम युद्धविराम में पहल करने वाले हेनरी किसींजर और ली डूक थो को नोबेल शांति पुरस्कार मिला था। उत्तरी आयरलैंड में शांति के लिए बिटी विलियम्स और मेरीड कोलिगन्स ने 1976 में नोबेल शांति पुरस्कार साझा किये थे। उसके दो साल बाद, 1978 में मिस्र-इस्राइल युद्धविराम के वास्ते अनवर सादात और मेनाखेम बेगिन को नोबेल शांति पुरस्कार दिया गया था। अब एक काल्पनिक सवाल है कि युद्ध और शांति के लिए विश्व का सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार प्रधानमंत्री मोदी क्या अकेले लेंगे, अथवा कोई और साझा करेगा? इस काल्पनिक सवाल के बरक्स कई लोग यह भी पूछ सकते हैं कि क्या प्रधानमंत्री मोदी ने कश्मीर से लेकर मणिपुर तक स्थाई शांति बहाल कर दी है? 'घर का जोगी जोगड़ा, आन गांव का पीर' वाली लोकोक्ति के हवाले से आलोचक कह सकते हैं कि अपने घर को दुरुस्त करने के वास्ते प्रधानमंत्री मोदी पहले संज़ीदा हों, यूक्रेन बाद की बात है। यूक्रेन युद्ध से पहले 19 हज़ार भारतीय छात्र वहां के विभिन्न विश्वविद्यालयों में शिक्षा ग्रहण कर रहे थे। सब के सब लौट गये। फिर उनमें से कोई दो हज़ार छात्र बाक़ी पढ़ाई पूरी करने यूक्रेन के उन



पश्चिमी इलाक़ों में लौटे, जो पूर्वी यूरोप से सटे देश हैं। 17 हज़ार छात्रों का करिअर कितना डिस्टर्ब हुआ, इसकी कोई कल्पना नहीं कर सकता है। छात्रों से अलग, ढाई से तीन हज़ार भारतीय मूल के जो लोग यूक्रेन में सेटल्ड थे, उनका आशियाना-आबोदाना छिन गया। पन्द्रह महीने होने जा रहे हैं यूक्रेन युद्ध के। आगे और कितना चलेगा, अनिश्चित है। इसका अंदाज़ा पुतिन क्या, पूरी दुनिया को भी नहीं था। 24 फरवरी, 2022 को पुतिन ने यूक्रेन में विशेष सैन्य अभियान की घोषणा की थी, कालांतर में यह फुल स्केल वार में तब्दील हो गया। बीच-बीच में ख़बर आती रही कि पुतिन अपने ही देश में कमज़ोर होते गये हैं, उनसे असहमति की वजह से रूसी राजनीति में दरारें आई हैं। लेकिन जर्मन खुफिया एजेंसी बीएनडी ने इसी सोमवार को ख़बर दी है कि पुतिन पहले से और प्रखर व मज़बूत हुए हैं। बीएनडी जर्मनी का वह खुफिया विभाग है, जिसका काम देश से बाहर की गतिविधियों पर नज़र रखना है। बर्लिन के फेडरल एकेडमी फॉर सिक्योरिटी पॉलिसी की एक बैठक में बीएनडी के प्रमुख ब्रूनो काल का कहना था कि रूसी सेना में रंगरूटों की बड़े पैमाने पर भर्ती हुई है। उसे देखते हुए लगता है कि रूस युद्ध को लंबा खींचने की तैयारी में है। रूस ने नये सिरे से हथियारों और गोला बारूद के ज़खीरे जुटा लिये हैं। 'बीएनडी' दुनिया की ऐसी खुफिया एजेंसी रही है, जिसने यूक्रेन युद्ध से 14 दिन पहले जर्मन रक्षा मंत्रालय को आगाह कर दिया था।

यह दीगर है कि तमाम आर्थिक प्रतिबंधों के बावजूद रूसी अर्थव्यवस्था टिकी हुई है। रूसी ऊर्जा का उत्पादन और निर्यात जारी है। चीन, जर्मनी, तुर्की के बाद, भारत चौथा ऊर्जा आयातक देश बन चुका है। सेंटर फॉर रिसर्च ऑन एनर्जी एंड क्लीन एयर (सेरा) के अनुसार, 'यूक्रेन युद्ध के बाद से रूस ने कच्चा तेल, कोयला और गैस सप्लाई से अब तक 315 अरब डॉलर की आय अर्जित की है, जिसमें से 149 अरब डॉलर यूरोपीय देशों से है।' कहा जा सकता है कि अमेरिकी प्रतिबंध पूर्ण रूप से सफल नहीं हो पाया। बल्कि, यूक्रेन युद्ध की वजह से पूरी दुनिया में लोगों के घर का बजट और बटुआ प्रभावित हुआ है। युद्ध के तुरंत बाद रूबेल को भी दुर्दिन देखने पड़े थे, मगर अंतर्राष्ट्रीय बाज़ार में आज की तारीख़ में रूबेल मज़बूत हुआ है। जून, 2022 में ही रूबेल सात साल के उच्चतम स्तर पर चढ़ गया था। सबसे बड़ा सवाल है कि जी-20 की बैठक में प्रेसिडेंट पुतिन भारत आते हैं कि नहीं? अगर पुतिन आ गये, तो उसे भारतीय कूटनीति की बड़ी सफलता मानिये। फिर यह उम्मीद कर सकते हैं कि यूक्रेन विवाद शायद पीएम मोदी की पहल से सुलझे। पीएम मोदी ऐसे नेता हैं, जिनका संवाद राष्ट्रपति जेलेंस्की और पुतिन दोनों से है। यह तय करना भी मुश्किल होता है कि पीएम मोदी पुतिन के ज़्यादा क़रीब हैं या जो बाइडन के। विदेशी मंचों पर पीएम मोदी बाज़ दफ़ा, 'जैसी बही बयार पीठ तब तैसी कीजिए' वाली मुद्रा में होते हैं। मगर, मोदी से भी अधिक क़रीबी कोई नेता पुतिन के हैं, तो वो हैं शी चिनफिंग। दिक्कत जो बाइडन और यूरोपीय नेताओं की है, कि वो शी से पटरी नहीं बैठा पा रहे हैं। एक दूसरा बड़ा पेच भारत-आस्ट्रेलिया संबंधों को लेकर है। ब्रिटेन, कनाडा के बाद ऑस्ट्रेलिया तीसरा देश है, जहां समय-समय पर खालिस्तान समर्थक दबंगई करते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी ऑस्ट्रेलिया यात्रा में हिंदू मंदिरों पर हमले और अलगाववादी गतिविधियों का मुद्दा अपने समकक्ष एंथनी अल्बानीज से बातचीत के दौरान उठाया। पीएम मोदी ने पत्रकारों से कहा कि अल्बानीज ने एक बार फिर भरोसा दिया है कि वह ऐसे तत्वों के खिलाफ कार्रवाई करेंगे। एक सच तो स्वीकार करना चाहिए कि ऑस्ट्रेलिया में भारतीय समुदाय के लोग बंटे हुए हैं। मोदी पर बनी बीबीसी की डॉक्यूमेंट्री दिखाया जाना पहला उदाहरण है। मंगलवार को जब मोदी सिडनी में भारतीय समुदाय को संबोधित कर रहे थे, उसी स्टेडियम के बाहर खालिस्तान समर्थक मोदी विरोधी नारे लगा रहे थे। स्टेडियम के अहाते में मोदी समर्थकों का एक समूह 'खालिस्तान मुर्दाबाद' के नारे लगा रहा था। ऑस्ट्रेलिया में हेट स्पीच, मंदिरों पर भारत विरोधी नारे लिखे जाने का सिलसिला थमा नहीं है। पिछले महीने सिडनी में एक मंदिर की दीवार पर भी ऐसा ही एक नारा लिखा मिला। मामला संसद में भी उठा। वीडियो फुटेज के बावजूद, पता नहीं चल पाया है कि नारे किसने लिखे, न ही किसी की गिरफ्तारी हुई। 'विश्व कूटनीति में मोदी का डंका बज रहा है', यह सुनना कर्णप्रिय तो लगता है, लेकिन देश के अंदर जो विवाद चल रहे हैं, वो विश्व मंच पर भी मुखर होने लगे हैं, इसे रोकने की ज़रूरत है।

## मौन की भाषा'



हम इंसान कितना बोलते हैं।
खुशी के वक्त,गम के वक्त और उस वक्त भी जब न तो हम खुशी में होते हैं और न ही गम में।
हमारी भाषा हमारे विचारों का आईना है।
हमारे हर भाव को, हमारे एहसास को हमारी भाषा बड़ी ही आसानी से लोगों तक पहुंचा देती है।
पर एक समय ऐसा भी आता है हमारी जिंदगी में जब हम अपनी बात कहने के लिए, अपनी भावनाएं औरों तक पहुंचाने के लिए शब्दों का चयन और भाषा का उपयोग करना छोड़ देते हैं।
सीधे शब्दों में कहूं तो हम बोलना ही छोड़ देते हैं।
और अपना लेते हैं मौन की भाषा।
मौन वैसे तो ये चुप्पी का पर्याय है।
पर अक्सर मौन वो सब कुछ कह जाता है जो कई बार हमारे शब्द नहीं कहते।
मौन न जाने कितनी बार हमें और हमारे शब्दों को धराशाई होने से बचाता है।
सच कहूं तो मौन के पास एक विचित्र शक्ति होती है ये कभी- कभी उस शब्दों की कमी को पूरा करता है,कभी-कभी उन लोगों को खटकता भी है जिन्होंने आपसे अभिव्यक्ति के लिए शब्दों की उम्मीद लगाई थी।
और हां एक खास बात और मौन तब सबसे ज्यादा शक्तिशाली हो जाता है जब इसे कोई ऐसा व्यक्ति अपना ले जिसे एक समय शब्दों से बेहद लगाव था और जो केवल कहना जानता था।
बस कह देना, सबकुछ कह देना।

अंकिता जैन अवनी
लेखिका/कवयित्री
अशोकनगर म.प्र

# विपक्ष के पास अब अध्यादेश का मुद्दा

अजीत द्विवेदीविपक्षी पार्टियां एक ऐसे मुद्दे की तलाश में थीं, जो राजनीतिक हो, जिसके पीछे कोई वैचारिक आधार हो, जिससे किसी न किसी रूप में न्यायपालिका का जुड़ाव हो और संविधान की मूल भावना भी जुड़ी हुई हो। दिल्ली में अधिकारियों की नियुक्ति और तबादले का फैसला केंद्र के हाथ में रहे इसके लिए एक प्राधिकरण का गठन करने वाले केंद्र के अध्यादेश ने विपक्ष को वह मुद्दा दे दिया है। विपक्ष इस मुद्दे पर बड़ी राजनीतिक लड़ाई लड़ सकता है तो विधायी और कानूनी लड़ाई भी लड़ी जा सकती है। ध्यान रहे एकजुट विपक्ष इससे पहले सीबीआई और ईडी जैसी केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग का मामला लेकर सुप्रीम कोर्ट में गया था लेकिन अदालत ने इस पर विचार करने से इनकार कर दिया था। उस मामले में विपक्ष कमजोर विकेट पर था। ऐसा लग रहा था कि समूचा विपक्ष भ्रष्टाचार के आरोपों से अपनी रक्षा के लिए सुप्रीम कोर्ट की शरण में गया है। जनता के बीच भी उस मुद्दे का कोई सकारात्मक असर विपक्ष के लिए नहीं था। अब अध्यादेश के रूप में विपक्ष को एक बड़ा मुद्दा मिल गया है।अगर विपक्षी पार्टियां साझा प्रयास करती हैं तो इस मुद्दे पर सरकार और भाजपा को उसी तरह से बैकफुट पर ला सकती हैं, जैसे किसानों ने कृषि कानूनों के मसल पर ला दिया था। इसके लिए विपक्ष को इस मुद्दे का दायरा बढ़ाना होगा। यह सिर्फ दिल्ली सरकार तक सीमित रहा तो उसका असर भी सीमित होगा। दायरा बढ़ाने से मतलब है कि जिस तरह से दिल्ली की चुनी हुई सरकार के कामकाज में केंद्र का दखल बढ़ा है उस तरह की स्थितियां कई जगह हैं। महाराष्ट्र को इस मुद्दे के साथ जोड़ा जा सकता है, जहां के तत्कालीन राज्यपाल और विधानसभा स्पीकर को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने पिछले दिनों बेहद तीखी टिप्पणी की थी। सुप्रीम कोर्ट ने साफ कहा था कि तत्कालीन राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी के पास ऐसा कोई दस्तावेज नहीं था, जिससे उनको लगे कि उद्धव ठाकरे की सरकार बहुमत खो चुकी है। सर्वोच्च अदालत ने माना कि राज्यपाल की ओर से सदन की बैठक बुलाने और विश्वास मत हासिल करने के लिए कहे जाने की वजह से उद्धव ठाकरे सरकार गिरी थी। इसी तरह सुप्रीम कोर्ट ने स्पीकर को लेकर भी कहा था कि उन्होंने विधायक दल को ही पार्टी मान लिया और उसके हिसाब से विधानसभा में व्हिप की नियुक्ति की, जबकि राजनीतिक दल की ओर से नियुक्त व्यक्ति को व्हिप की मान्यता मिलनी चाहिए।महाराष्ट्र के अलावा जम्मू कश्मीर का मुद्दा भी विपक्ष के पास है, जहां पिछले कई सालों से लोकतांत्रिक प्रक्रिया स्थगित है। केंद्र सरकार ने अनुच्छेद 370 हटाया, उस पर ज्यादातर विपक्षी पार्टियों को आपत्ति नहीं है। वह संविधान का एक अस्थायी प्रावधान था, जिसे हटा दिया गया। लेकिन कश्मीर का मामला इतना भर नहीं है। केंद्र सरकार ने उसका दर्जा बदल दिया। एक पूर्ण राज्य को केंद्र शासित प्रदेश में बदल दिया। राज्य में विधानसभा पहले से भंग थी और चुनाव की प्रक्रिया स्थगित थी। ऐसे में जन भावना जानने का कोई साधन केंद्र के पास नहीं था। लेकिन उसने एकतरफा तरीके से एक राज्य का विभाजन कर दिया और उसका दर्जा बदल कर पूर्ण राज्य से केंद्र शासित प्रदेश बना दिया। उसके बाद भी लोकतांत्रिक प्रक्रिया बहाल करने की कोई पहल राज्य में नहीं हो रही है। परिसीमन का काम पूरा हो गया है और नई मतदाता सूची बन चुकी है। इतना ही नहीं मतदाता सूची के पुनरीक्षण का काम भी लगभग हो चुका है। इस गर्मियों में विधानसभा का चुनाव होने की चर्चा थी। लेकिन अभी तक इस बारे में कोई सूचना नहीं है।सो, विपक्षी पार्टियों को दिल्ली सरकार से अधिकार छीनने के लिए लाए गए अध्यादेश को सिर्फ दिल्ली के संदर्भ में देखने की बजाय व्यापक संदर्भ में देखना चाहिए। यह संघवाद की बुनियादी अवधारणा से जुड़ा मामला है। विपक्षी पार्टियों को शिकायत रही है कि केंद्र सरकार कहीं उप राज्यपाल के जरिए तो कहीं राज्यपाल के जरिए और कहीं केंद्रीय एजेंसियों के जरिए विपक्षी पार्टियों की सरकारों के कामकाज में दखल बढ़ा रही है या सरकारों को अस्थिर करने का प्रयास कर रही है। यह आरोप पश्चिम बंगाल से लेकर बिहार, झारखंड से लेकर तेलंगाना और दिल्ली से लेकर पंजाब तक की सरकारों ने लगाए हैं। इन राज्यों में सत्तारूढ़ दलों ने दूसरी विपक्षी पार्टियों के साथ मिल कर केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अपील की थी। उसमें उनको कामयाबी नहीं मिल पाई थी। उनके लिए केंद्र सरकार का अध्यादेश उसी मामले का विस्तार हो सकता है।इसमें कई मामले एक साथ जुड़े हैं। संघवाद, संविधान का बुनियादी ढांचा, न्यायपालिका सब इससे जुड़े हैं। इस मामले में कानूनी लड़ाई अदालत में लड़ी जाएगी और विधायी लड़ाई संसद में। लेकिन एक राजनीतिक लड़ाई भी होगी, जिसकी तैयारी अरविंद केजरीवाल करते दिख रहे हैं। वे इस मसले पर विपक्षी पार्टियों को एकजुट कर रहे हैं। उनके पक्ष में यह बात जाती है कि सभी विपक्षी पार्टियां इस संकट को अपने संकट के तौर पर देख सकती हैं क्योंकि हर राज्य को ऐसी कोई न कोई शिकायत केंद्र से जरूर रही है। यहां यह ध्यान रखने की जरूरत है संसद में विपक्ष विधायी लड़ाई नहीं जीत सकता है।

# ट्रंप को बड़ी चुनावी चुनौती!

श्रुति व्यास,राष्ट्रपति चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी का उम्मीदवार बनना अब डोनाल्ड ट्रंप के लिए आसान नहीं होगा। फ्लोरिडा के दक्षिणपंथी गवर्नर रोन डेसांटिस उनके खिलाफ मैदान में उतर आए है।उन्होने पार्टी की उम्मीदवारी हासिल करने के अपने अभियान की शुरुआत एकदम नए, मॉडर्न अंदाज़ में की है। वे ट्विटर के अरबपति मालिक एलन मस्क के साथ ट्विटर स्पेसेस पर लाइव हुए। एलन मस्क ने कहा कि चुनाव अभियान की यह शुरूआत अपनी तरह की एकदम अनोखी है।ट्रंप में राह में केवल डेसांटिस ही रोड़ा नहीं है। भले ही जन सर्वेक्षणों में ट्रंप अपने प्रतिद्वंदियों से 30 पॉइंट आगे हों परन्तु उन्हें राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार नहीं बनने देने के लिए दृढ संकल्पित उनके प्रतिद्वंदियों की संख्या कम नहीं है।जबकि डेमोक्रेटिक पार्टी ने तय कर लिया है कि राष्ट्रपति जो बाइडन उसकी तरफ से चुनाव मैदान में उतरेंगे। परन्तु नवंबर2024 में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में अपने उम्मीदवार का चयन रिपब्लिकन पार्टी प्राइमरी इलेक्शन्स के ज़रिये करेगी, जिनकी सीरिज अगले साल फरवरी से शुरू हो जाएगी।रोन डेसांटिस, ट्रंप के सबसे बड़े प्रतिद्वंद्वी हैं। और जैसा कि सब को पता है, ट्रंप को किसी भी प्रकार के प्रतिद्वंद्वी पसंद नहीं हैं।ट्रंप सोशल मीडिया पर डेसांटिस पर लगातार तीखे हमले कर रहे हैं। वे उनकी नीतियों और उनके व्यक्तित्व दोनों पर हमलावर हैं।कभी ट्रंप ने ही डेसांटिस को गवर्नर बनवाया था। परन्तु अब वे उन्हें विश्वासघाती और निकम्मा बता रहे हैं। डेसांटिस द्वारा अपना चुनाव अभियान ट्विटर पर शुरू करने पर टिप्पणी करते हुए ट्रंप के एक सलाहकार ने पोलिटिको' से कहा, डेसांटिस के लिए ट्विटर परफेक्ट है। इस तरह न तो उन्हें आमजनों से मिलना पड़ा और ना ही मीडिया उनसे कोई प्रश्न पूछ पाई।मज़े की बात है यही ट्रंप2018 में डेसांटिस को फ्लोरिड़ा का गवर्नर बनवाने पर आमादा थे। कारण यह था कि डेसांटिस ने उस समय ट्रंप का बचाव किया था जब वे यूक्रेन के नेता वोलोदिमीर जेलेंस्की पर जो बाइडन के परिवार को जांच के घेरे में लेने के लिए दबाव डालने के आरोप में डेमोक्रेटिक पार्टी की पहल पर महाभियोग प्रस्ताव का सामना कर रहे थे। डेसांटिस ने उस समय भी ट्रंप की मदद की थी जब विशेष अभियोजक रॉबर्ट म्यूलर, 2016 के चुनावों को प्रभावित करने के रूस के प्रयासों के सिलसिले में ट्रंप को भी शक के घेरे में लेना चाहते थे। परन्तु हाल में जब उनसे पूछा गया कि क्या डेसांटिस को गवर्नर बनने में मदद करने पर उन्हें पछतावा है तब ट्रंप ने कहा, हाँ शायद मैंने गलती की।

# स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी से जूझती दुनिया

विश्व स्वास्थ्य संगठन की हालिया रिपोर्ट के अनुसार दुनिया के देशों के बीच स्वास्थ्य सम्बन्धी असमानताएं सुधार के लाख दावों के बावजूद लगातार बढ़ती ही जा रही हैं। उस स्थिति में जबकि गैर-संचारी रोग कोरोना महामारी से भी ज्यादा बड़ा खतरा बन रहे हैं। यही नहीं, विश्व सांख्यिकी रिपोर्ट में जलवायु परिवर्तन के खतरों के प्रति भी सचेत किया गया है। संगठन के मुताबिक भावी पीढ़ियों के लिए गैर-संचारी रोगों का खतरा दिन-ब-दिन बढ़ता जा रहा है। हर साल दुनिया में बड़ी संख्या में लोगों की जान इसके चलते चली जाती है। यदि यह प्रवृत्ति जारी रही तो सदी के मध्य तक यह आंकड़ा हर साल नौ करोड़ को पार कर जायेगा।वर्ष 2019 के बाद से गैर-संचारी रोगों के मामलों में 90 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। इसमें हृदय रोग, मधुमेह और कैंसर आदि रोग शामिल हैं। इसके पीछे के कारणों में तम्बाकू और शराब के सेवन में बढ़ोतरी, गंदा पानी पीने की मजबूरी, सफाई की कमी, वायु प्रदूषण और तेजी से बढ़ रहा मोटापा अहम है। जहां तक संक्रामक रोगों का सवाल है, ये एक हद तक हमारे हाथ में नहीं हैं। जबकि यह सच है कि एक समय संक्रामक रोगों पर नियंत्रण था। लेकिन ये रोगाणुरोधी प्रतिरोध के चलते बढ़ सकते हैं। इसलिए संक्रामक रोगों से लड़ने के लिए रोग प्रतिरोधक क्षमता को बनाये रखना बेहद जरूरी है। यदि इस दिशा में कारगर प्रयास नहीं किए गये तो दुनिया में सहस्राब्दी के बाद से अब तक स्वास्थ्य क्षेत्र में जो उल्लेखनीय प्रगति हुई, वह बेमानी हो जायेगी। अब वायु प्रदूषण को ही लें, जो मानव स्वास्थ्य के लिए भीषण खतरा बन चुका है। लैंसेट प्लेनेटरी हैल्थ जर्नल में प्रकाशित आस्ट्रेलिया के मोनाश यूनिवर्सिटी के एक अध्ययन के मुताबिक दुनिया के लगभग सभी हिस्सों में विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा अनुशंसित वायु गुणवत्ता दिशा निर्देशों की तुलना में वार्षिक औसत पीएम 2.5 सांद्रता



अधिक है। हाल के अनुमानों के अनुसार 2019 में वायु प्रदूषण से दुनिया में कम से कम 70 लाख लोगों की मौत हुई। अध्ययन के अनुसार छोटे वायु कण जो 2.5 माइक्रोन या उससे कम चौड़ाई में होते हैं, मानव स्वास्थ्य के लिए सबसे जहरीले वायु प्रदूषकों में से एक होते हैं। इनको पीएम 2.5 के रूप में जाना जाता है। छोटे वायु प्रदूषक तत्व सिर के बाल की चौथाई के एक-तिहाई हिस्सा होते हैं। यह हमारे फेफड़ों में पहुंच सांस लेने में समस्या पैदा करते हैं। ये हृदय रोग, फेफड़े सहित कैंसर आदि बीमारियों के कारण बन रहे हैं। दुनियाभर में एक साल के करीब 70 फीसदी दिनों में लोगों को खतरनाक स्तर पर प्रदूषण झेलना पड़ रहा है। दरअसल वायु प्रदूषण हृदय रोग, कैंसर और फेफड़ों पर ही असर नहीं कर रहा, यह रजोनिवृत्ति वाली महिलाओं में हड्डियों का क्षरण करता है। इससे अल्जाइमर का जोखिम बढ़ता है और अजन्मे बच्चों पर भी बुरा असर डालता है। कोलंबिया यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों के अनुसार हवा में नाइट्रिक आक्साइड जैसे प्रदूषकों का स्तर बढ़ने से रजोनिवृत्ति वाली महिलाओं में हड्डियों के क्षरण की गति तेज हो जाती है। इस प्रदूषक का सबसे ज्यादा असर यह कि मेरुदंड के निचले हिस्से में हड्डियों के क्षरण की गति सामान्य एजिंग से होने वाले क्षरण की तुलना में दोगुनी हो जाती है। इसके साथ याददाश्त खोना व संज्ञानात्मक गिरावट का संबंध अल्जाइमर की शुरुआत का संकेत है। अध्ययन बताते हैं कि हमारे आसपास की हवा में विषाक्त पदार्थों का प्रसार न केवल दुनिया के स्तर पर बढ़ रहा है बल्कि यह हमारे घर तक पहुंच गया है। गौरतलब है कि अल्जाइमर रोग बुजुर्गों में डिमेंशिया का सबसे आम कारण है। इसमें दो राय नहीं कि जलवायु परिवर्तन से संबंधित प्राकृतिक आपदाएं लाखों लोगों का विस्थापन तो कर ही रही हैं, वहीं इसके कारण बिगड़ता पर्यावरण स्वास्थ्य पर व्यापक प्रभाव डाल रहा है। दुनिया में आने से पहले ही बच्चों की सेहत पर इसका बुरा असर पड़ रहा है। डब्ल्यूएचओ, यूनीसेफ और नवजात शिशु तथा बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की ओर से जारी रिपोर्ट के अनुसार मीथेन और ब्लैक कार्बन से न सिर्फ हवा खराब हो रही है बल्कि इससे नवजातों की मौत के मामले भी तेजी से बढ़ रहे हैं। साल 2020 में दुनियाभर में तकरीब 20 फीसदी नवजात शिशु की मौत का कारण वायु प्रदूषण ही था। प्रसव काल के दौरान जलवायु परिवर्तन का हानिकारक प्रभाव पड़ता है। यह जन्म से पहले के खतरे को बढ़ाता है। ठीक उसी तरह जैसे जीवाश्म ईंधन जलाने से होने वाला वायु प्रदूषण दमा रोग वाली माताओं में खतरे को 52 फीसदी तक बढ़ा देता है। बता दें कि अब तो कस्बे और गांव भी वायु प्रदूषण की चपेट में हैं। नेशनल एनवायरमेंटल इंजीनियरिंग रिसर्च के वैज्ञानिकों का कहना है कि तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था में वायु प्रदूषण पूरी तरह नियंत्रित नहीं किया जा सकता। लेकिन हरित विकास जैसे कार्य से इसको कुछ कम जरूर किया जा सकता है। इसी बीच दुनिया में बाल मृत्यु दर आधी रह जाना, मातृ मृत्यु दर एक-तिहाई घट जाना, गैर संचारी रोगों से होने वाली मौतों में कमी और मलेरिया, टीबी जैसे रोगों में कमी के साथ वैश्विक जीवन प्रत्याशा का बढ़ना आशा के बिंदु हैं। लेकिन 2015 के बाद से स्वास्थ्य सेवाओं में विकास की गति का थमना चिंता का विषय है। दुनिया में 99 फीसदी आबादी अस्वास्थ्यकर हालात में जीने को विवश है। जाहिर है स्वास्थ्य मद में जितनी बढ़ोतरी होनी चाहिए थी, उसमें कमी आयी है। कोरोना महामारी ने इसमें प्रमुख भूमिका निभाई। इसलिए स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार की आशा तभी की जा सकती है जबकि स्वास्थ्य मद में कटौती न करते हुए विकास लक्ष्य संबंधी चुनौतियों का युद्धस्तर पर सामना किया जाये।

# किसी भी कर्मचारी का अपमान नही सहा जाएगा : मुनेन्द्र सिंह परिहार

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी**-दिनांक 26/5/2023 को ग्वालियर, एंव शिवपुरी जिले के कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर दौरा किया गया, शिवपुरी जिले के संगठन पदाधिकारी कर्मचारियों अधिकारियों की बैठक पटेल पार्क में अयोजित की गयी, तथा सिंह परियोजना माधव नेशनल पार्क वन वृत शिवपुरी से ग्वालियर वृत के कर्मचारियों की लंबित मांगो के निराकरण करने हेतु मुख्य वन संरक्षक श्रीमान उत्तम शर्मा जी को मांग पत्र का ज्ञापन सौंप कर कार्यालय मे चर्चा की गयी मुख्य वन संरक्षक



ग्वालियर एंव शिवपुरी द्वारा शीघ्र निराकृत किये जाने की बात कही गयी, बैठक एंव प्रतिनिधि मंडल हरिशचन्द्र शाक्य प्रांतीय सचिव, कमलकिशोर पाठक जिलाध्यक्ष म, प्र, तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ ग्वालियर, अशोक कुमार विमल संभागीय अध्यक्ष ग्वालियर, जोर सिंह यादव संभागीय उपाध्यक्ष, राजकुमार यदूवंशी संभागीय पदाधिकारी, सतीश वर्मा जिलाध्यक्ष शिवपुरी, अनीता राठोर अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ शिवपुरी एंव शिवपुरी जिले के म, प्र, कर्मचारी कांग्रेस संगठन के समस्त तहसील एवं ब्लाक अध्यक्ष महोदय गण तथा विभिन्न शासकीय विभागों के कर्मचारी अधिकारी संगठन सदस्य पदाधिकारी गण आयोजित बैठक एंव प्रतिनिधि मंडल मे शामिल रहे है।

## शिवपुरी पुलिस की अवैध हथियारों के बिरुद्ध बड़ी कार्यवाही

# खनियाधाना पुलिस ने पकड़ा हथियारों का जखीरा कुल 20 पिस्टल मय 20 जिन्दा राउण्ड, एक कार के कुल कीमती कुल कीमती 8,06,000 जप्त

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी**-पुलिस अधीक्षक शिवपुरी द्वारा अवैध हथियारों की तस्करी करने बालों के बिरुद्ध कार्यवाही करने हेतु आदेशित किया गया है एवं अवैध हथियार रखने बालों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की तहत कार्यवाही करने के लिये निर्देशित किया गया है । उक्त आदेश का पालन मे अति. पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री प्रवीण कुमार भूरिया एवं एसडीओपी पिछोर श्री प्रशांत कुमार शर्मा के मार्गदर्शन मे पुलिस थाना खनियाधाना द्वारा कार्यवाही करते हुये 20 पिस्टल एवं 20 जिन्दा राउण्ड के साथ आरोपी को गिरफ्तार किया गया है ।दिनांक 26.05.2023 को थाना प्रभारी खनियाधाना को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि एक व्यक्ति टैक्सी से हथियार लेकर बेचने के लिये वसई से रेडी चौराहा होते हुये करैरा तरफ जा रहा है, सूचना पर तुरंत कार्यवाही करते हुये थाना प्रभारी खनियाधाना द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया एवं मार्गदर्शन प्राप्त कर थाना प्रभारी खनियाधाना निरी. धनेन्द्र भदौरिया ने पुलिस टीम के साथ रेडी चौराहा थाना खनियाधाना पर चैकिंग लगाई कुछ देर वाद मुखबिर के बताये अनुशार एक टैक्सी आती दिखी जिसे रोक कर तलासी ली तो गाड़ी मे कुल 20 पिस्टल 32 बोर एवं 20 जिन्दा राउण्ड कुल कीमती 8,06,000 (आठ लाख छः हजार रुपये) पाई गयीं उक्त हथियारों के संबंध मे वैध दस्तावेज चाहे जाने पर आरोपी द्वारा नहीं होना बताया गया जिसपर से उक्त आरोपी से मे कुल 20 पिस्टल 32 बोर एवं 20 जिन्दा राउण्ड एवं 2000 रुपये नगदी जप्त कर आरोपी गब्बर रजक पुत्र लालसिह रजक उम्र 30 साल निवासी आर एस पेट्रोल पम्प के पास करैरा थाना करैरा जिला शिवपुरी को गिरफ्तार किया है । पूछताछ पर गब्बर रजक ने बताया कि मै भागीरथ शर्मा निवासी जयपुर के लिये काम करता हूं वह मुझे कई बार अपने साथ खरगोन लेकर गया है वहा से एक बार मे तीन सौ से चार सौ पिस्टल एवं 315 बोर के कट्टे खरीदता है एवं आर्डर देकर राउण्ड बनवाता है फिर वहा से चोरी छिपे प्राइवेट वाहन से कभी कभी महिलाओ का सहारा लेकर निकलता है और जयपुर आकर टुकड़ो मे अपने कुछ परिचित साथियो



से हथियार भिन्न भिन्न जिलो मे सप्लाई करवाता है एक हथियार 35 हजार रुपये से 50 हजार रुपये तक एवं राउण्ड 300 रुपये से 500 रुपये तक प्रत्येक नग के हिसाब से बिचवाता है मुझे यह प्रत्येक हथियार पर जो भी मेरी डील होती है पैसे देता है । भागीरथ शर्मा निवासी जयपुर कई सालो से यह काम करता है मै इसके साथ हथियार सप्लाई के काम मे जुडा हू भागीरथ शर्मा जिस्म फरोसी से लेकर सारे अवैध धन्धे करता है व करवाता है,हथियारो के आर्डर बल्क मात्रा मे कुछ लोग इसको ही देते है फिर यह मुझसे व मेरे जैसे लोगो से ग्वालियर , शिवपुरी , गुना , अशोकनगर मे सप्लाई करवाता है । आरोपी द्वारा बताया गया कि भागीरथ शर्मा जयपुर मे कहां रहता है जगह मुझे नहीं मालूम लेकिन यदि वह साथ गया तो उस जगह पर पहुंच जाऊंगा जहां भागीरथ शर्मा रहता है । आज वह अकेला ही जयपुर से ट्रेन द्वारा झांसी तक आया झांसी से प्राइवेट टैक्सी की और वह टैक्सी लेकर शिवपुरी मे कई जगहों पर कर हथियार सप्लाई करने वाला था लेकिन जैसे ही वह रेड्डी चौराहा खनियाधाना पर आया तो वहां पुलिस ने टेक्सी को चैक कर चारो तरफ से घेरकर पकड़ लिया व कार्यवाही की है ।थाना खनियाधाना पुलिस द्वारा उक्त दोनों आरोपियों के विरुद्ध अपराध क्रमांक 295/2023 धारा 25,27 आर्म्स एक्ट का पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया है । उक्त कार्यवाही मे थाना प्रभारी खनियांधाना निरी. धनेन्द्र भदौरिया, उनि. रणवीर सिंह चौहान, सउनि. अजय पटेल, सउनि सुकल मराबी, सउनि प्रकाश कौरव, प्रआर जितेन्द्र, आर. मंजीत, खेम सिंह, सत्यवीर, राधे की सराहनीय भूमिका रही ।

# थाना फिजीकल पुलिस द्वारा अपहरण का खुलासा करते हुये चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लूटा गया माल किया बरामद

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी**-दिनांक 23.05.23 को फरियादी बैनी प्रसाद मिश्रा पुत्र स्व. श्री बृजभूषण मिश्रा उम्र 47 साल निवासी न्यू दर्पण कालोनी शिवपुरी ने



अपने लड़के ईशाक उर्फ समर्थ मिश्रा उम्र 23 साल का दिनांक 22.05.23 को रात्री करीब 11.30 बजे सिदेश्वर मेला से अपनी कपडे की दुकान से गाडी क्रमांक एमपी 33 सी 9669 से घर न्यू दर्पण कॉलोनी जाने की कहकर निकला था जब मै रात्रि करीब 12.30 बजे अपने घर न्यू दर्पण कॉलोनी जा रहा था तो रास्ते में सोन चिरैया होटल के पीछे उसकी कार खड़ी मिली मेरा लडका बिना बताये कहीं चला गया है । उक्त रिपोर्ट पर से गुम इंसान क्र.30/23 कायम कर जांच मे लया गया। दौराने जांच दिनांक 25.05.23 को गुमशुदा ईशाक मिश्रा को दस्ताब किया गया व कथन लिये तो अपने कथन पर गुमशुदा ने बताया की अज्ञात चार पांच लोगों व्दारा उसको अपनी कार मे न्यु दर्पण कालोनी से उठा कर ले गये एवं उसकी मारपीट कर तीन आईफोन, एक सेमसंग का मोबाइल, अंगुठी व, सोने का काडा, चैन छीन लिया कथन के आधार पर दिनांक 25.05.23 को अप. क्र. 129/23 धारा 347, 386 भदवि एवं इजाफा धारा 364 ए, 395 भादवि 11,13 एमपीडीपीके एक्ट का कायम कर विवेचना मे लिये गया ।उक्त प्रकरण को पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री रघुवंश सिंह द्वारा गंभीरता से लेते हुए तत्काल आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु निर्देश दिए, पुलिस अधीक्षक शिवपुरी के निर्देशन एवं अति पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री प्रवीण भूरिया, एसडीओपी शिवपुरी श्री अजय भार्गव के मार्गदर्शन थाना प्रभारी फिजिकल उनि अरविंद छारी के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित की गई उक्त टीम द्वारा मुखबिर तंत्र सक्रिय किया गया एवं कई लोगों से पूछताछ की गई पूछताछ के दौरान पता चला की अपहृत का पड़ोसी प्रियांश कुशवाहा कुछ दिन से अपहृत पर नजर रखे हुए था जिससे शख्ती से पूछताछ की तो उसने बताया कि मेरे एक साथी ने इशाक मिश्रा का अपहरण कर फिरौती मांगने की योजना बनाई थी । आरोपी पड़ोसी प्रियांस कुशवाह पुत्र रामकिशन कुशवाह उम्र 19 साल निवासी न्यू दर्पण कालोनी शिवपुरी एवं उसके तीन साथियों विवेक जाट पुत्र राजवीर जाट उम्र 26 साल निवासी गुना व अरूण राय पुत्र नारायण सिंह राय उम्र 23 साल निवासी गुना, आदित्य ठाकुर पुत्र राजवीर सिंह उम्र 29 साल निवासी सागर को दिनांक 27.05.23 को गणेश कुण्ड के पास करवला रोड़ से गिरफ्तार किया गया व लूटा हुआ मसरूका जिसकी किमत 4 लाख पचास हजार रूपये व घटना मे प्रयुक्त कार को जप्त की गयी ।उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी फिजिकल उनि अरविंदछारी, सउनि प्रवीण त्रिवेदी, प्रआर उदय सिंह, प्रआर सचिंद्र श्रीवास, प्रआर राजवीर, आरक्षक पुष्पेंद्र, जितेंद्र, मुकेश, रिंकू, की सराहनीय भूमिका रही ।

# पुलिस थाना करैरा द्वारा कार्यवाही करते हुये 16 ग्राम कीमती 2,40,000 रुपये सहित एक आरोपी को किया गिरफ्तार

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी**-पुलिस अधीक्षक श्री रघुवंश सिंह के द्वारा जिले मे अवैध मादक पदार्थ, जुआ सट्टा, अवैध हथियार, अवैध खनन परिवहन,अवैध शराव की धरपकड़ अभियान के तहत जीरो टालरेन्स अपनाने के निर्देश दिये गये उक्त निर्देश के पालन मे अति0 पुलिस अधीक्षक श्री प्रवीण भूरिया एवं स्ध्हक्ककरैरा श्री संजय चतुर्वेदी के कुशल मार्गदर्शन में कल दिनांक 26.05.2023 की शाम को थाना करैरा पुलिस को मुखविर द्वारा सूचना मिली कि महुअर नदी पुल के पास एक व्यक्ति लोगों को स्मैक बेच रहा है । उक्त सूचना की तस्दीक हेतु मौके पर जाकर देखा तो एक व्यक्ति मुखबिर द्वारा बताये हुलिया का दिखा जो पुलिस को पास आता देख भागने लगा जिसकी घेराबन्दी कर पकडा उसका नाम व पता पूछा तो उन्होने अपना नाम मुकेश पुत्र राधेलाल केवट उम्र 22 साल नि0 अमोला नं0 02 थाना अमोला जिला शिवपुरी का होना बताया, तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 16 ग्राम स्मैक पाउडर कीमती 2,40,000 लाख रुपये, व नगदी 500 रुपये, कुल मशरूका 2,40,500 रुपये बरामद किये गये । आरोपी के विरूद्ध अप.क्र. 315/23 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट का अपराध पंजीबद्ध किया गया । आरोपी से बरामद शुदा मादक पदार्थ स्मैक के सप्लायरों के संबंध में पूछताछ की जा रही है । उपरोक्त आरोपी का आपराधिक रिकार्ड निम्न है- **बरामद माल** 16 ग्राम मादक पदार्थ स्मैक व नगदी 500 रूपये कुल माल मशरूका कीमती



2,40,500 रुपये ।
इनकी रही भूमिकाङ्क थाना प्रभारी करैरा निरी0 श्री सुरेश शर्मा, उनि कुलदीप सिंह, सउनि कमल सिंह बंजारा, आर0 262 सतेन्द्र सिंह सिकरवार, आर0 1073 अनूप कुमार, आर0 732 संजीव श्रीवास्तव, आर0 319 चन्द्रशेखर मीणा, आर0 260 गजेन्द्र शर्मा ।

# जिला पंचायत सीईओ ने जनपद खनियाधाना में आयोजित शिविर में हितग्राहियों की समस्याओं का मौके पर ही किया निराकरण



**राकेश परिहार पिछोर**

**शिवपुरी,** मुख्यमंत्री जनसेवा अभियान 2 के तहत जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी उमराव सिंह मरावी द्वारा गत दिवस जनपद पंचायत खनियाधाना में सीएम हेल्पलाइन की प्राप्त शिकायतों का मौके पर ही निराकरण किया गया।शिविर के दौरान ऐसी शिकायतें जो 15 अप्रैल 2023 के पूर्व से लंबित हैं उनके आवेदकों को एवं संबंधित ग्राम पंचायत के सचिव एवं रोजगार सहायक को बुलाया गया तथा आवेदक की सुनवाई की गई एवं सुनवाई उपरांत मौके पर ही निराकरण कराया गया तथा निराकरण उपरांत आवेदक द्वारा शिविर से ही 181 पर फोन लगाकर अपनी सीएम हेल्पलाइन में सहमति दर्ज करा कर शिकायत को बंद कराई गई। जिला पंचायत सीईओ द्वारा आवेदक को सम्मानित भी किया गया। इस शिविर के दौरान मौके से 19 शिकायतें जो जनसेवा अभियान के तहत लंबित थी उनका निराकरण करा कर सहमति पूर्वक बंद कराई गई। शिविर के एक दिवस पूर्व सीईओ जिला पंचायत के निर्देशों के क्रम में भी जनपद पंचायत खनियाधाना में 21 जनसेवा अभियान की शिकायतों का निराकरण कराया गया था।

# सर्किल जेल शिवपुरी में नवनिर्मित मुलाकात कक्ष का लोकार्पण

**राकेश परिहार पिछोर**

**शिवपुरी,** सर्किल जेल शिवपुरी में नवनिर्मित मुलाकात कक्ष का लोकार्पण अरविन्द कुमार, महानिदेशक जेल एवं सुधारात्मक सेवाएं, जेल मुख्यालय भोपाल द्वारा किया गया। इस अवसर कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी रवीन्द्र कुमार चौधरी एवं पुलिस अधीक्षक रघुवंश सिंह, जेल अधीक्षक सर्किल जेल शिवपुरी रमेशचंद्र आर्य तथा उप जेल अधीक्षक दिलीप सिंह सर्किल जेल शिवपुरी, जेल चिकित्सक डॉ.जलज शर्मा एवं अतुल सिन्हा, जेल अधीक्षक, जिला जेल गुना, शफीक अहमद सिद्दीकी, जेल अधीक्षक, जिला जेल अशोकनगर, व्ही.एस.मौर्य, उप जेल अधीक्षक, जिला जेल श्योपुर एवं सब जेल पोहरी, कोलारस, पिछोर, करैरा एवं चांचौडा के समस्त प्रभारी व जेल स्टाफ उपस्थित रहा। सर्किल जेल शिवपुरी के जेल अधीक्षक रमेशचंद्र आर्य द्वारा जानकारी देते हुये बताया गया कि पूर्व में जो मुलाकात कक्ष निर्मित था उसमें तीन से चार बंदियों की एक बार में मुलाकात हो पाती थी जिससे मुलाकात के समय बंदियों के परिजनों को मुलाकात हेतु इंतजार करना पड़ता था और मुलाकात करने के लिये अपनी बारी का इंतजार करना प?ता था। इस समस्या को दृष्टिगत रखते हुये नवीन मुलाकात कक्ष का निर्माण किया गया है जिसमें एक बार में 18 से 20 बंदियों की मुलाकात हो सकेगी जिससे बंदियों के परिजनों को मुलाकात हेतु इंतजार नही करना पडेगा तथा नियमानुसार मुलाकात हेतु पर्याप्त समय मिलेगा।महानिदेशक जेल अरविन्द कुमार द्वारा महिला वार्ड का निरीक्षण किया गया, तदोपरांत जेल उद्योग का निरीक्षण करते हुये सर्किल जेल शिवपुरी में निर्मित जैकेट की क्वालिटी में सुधार करते हुये जैकेट में जेल का लोगो व जेल का नाम पृथक से अंकित किया जाये जिससे यह उत्पाद जेल ब्राण्ड के तौर पर पहचाना जा सकें। ज्ञातत्व है कि जेल मुख्यालय भोपाल द्वारा सर्किल जेल शिवपुरी के जेल उद्योग में निर्मित की जा रही जैकेट को विक्रय केन्द्र घोषित किया गया है। सर्किल जेल शिवपुरी में निर्मित जैकेट मध्यप्रदेश की समस्त जेलों को आवंटित की जायेगी।इस दौरान बंदियों द्वारा कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया जिसमें महिला बंदी द्वारा जेल शिक्षक के सहयोग





से ÷स्वागत गीत÷ की रचना करते हुये गायन किया गया।महानिदेशक जेल ने ÷स्वागत गीत÷ को जेल मुख्यालय भोपाल भेजने हेतु निर्देशित किया गया। इस दौरान बंदियों के मनोरंजन के लिये 10 नग एल.ई.डी. टी.व्ही. एवंवाद्य यंत्र सर्किल जेल शिवपुरी को प्रदाय हेतु मौखिक मंजूरी की घोषणा की गई है। महानिदेशक जेल ने बंदियों को संबोधित करते हुये जेल के अनुशासन, उपलब्धियॉ वस्वच्छता की प्रशंसा करते हुये बंदियों से अपेक्षा की गई कि निरंतर अपना शत-प्रतिशत देने का प्रयास करें। इस दौरान महानिदेशक द्वारा जिला प्रशासन का जेल को मिल रहा सहयोग प्रशंसनीय बताते हुये इस तरह के सहयोग जारी रखने की अनुशंसा की ताकि सर्किल जेल शिवपुरी एक आदर्श जेल बन सकें।महानिदेशक ने शिवपुरी जेल में अल्प अवधि में जेल सुधार के प्रयासों की सराहना की और कहा कि उक्त कार्य इसी प्रकार जारी रखें। महानिदेशक जेल द्वारा सर्किल जेल शिवपुरी की प्रशंसा करते हुये कहा कि जहाँ कुछ अच्छा कार्य होता है देखने में खुशी मिलती है और बार-बार आने का मन करता है। इस दौरान सर्किल जेल अधिकारी जिला जेल गुना, अशोकनगर, श्योपुर एवं सब जेल पोहरी, कोलारस, पिछोर, करैरा एवं चांचौडा की समस्याओं की जानकारी लेते हुये प्रभारी अधिकारियों को निर्देश दिये गये कि जिला जेल गुना के जेल विस्तार, सब जेल चांचौड़ा में पानी व बाउण्ड्री वॉल, जिला जेल श्योपुर, सब जेल कोलारस व पोहरी में जेल के आगे व पीछे की तरफ बाउण्ड्री वॉल बनाने के संबंध में प्रस्ताव जेल मुख्यालय भोपाल भेजने तथा सब जेल करैरा में पानी की व्यवस्था के लिये उपयुक्त प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिये गये। सब जेल पिछोर के प्रभारी अधिकारी ने बताया कि महानिदेशक महोदय द्वारा कर्मचारी आवास से जेल तक पहुँच मार्ग बनाने के लिये लोक निर्माण विभाग को 12 लाख की स्वीकृति प्रदान कर बजट आवंटन कर दिया गया है।जेल अधिकारी के बैठक के उपरांत जेल अधीक्षक, सर्किल जेल शिवपुरी ने जेल के आस-पास जेल भूमि का अवलोकन कराकर मुलाकात प्रतीक्षालय, पेट्रोल पंपकृषि कार्य व गौ-शाला एवं खुली जेल आदि के प्रस्ताव पर स्वीकृति देने की अपेक्षा की गई है। सर्किल जेल शिवपुरी में पानी की समस्या के लिये नगर पालिका से शीघ्र पाईप लाईन डलवाकर जेल में रनिंग वाटर की समस्या को सर्वोच्च प्राथमिकता उपलब्ध कराने हेतु निर्देश दिये। जेल अधीक्षक ने बताया कि जेल में एक नवीन टयूवबेल है जिसमें मोटर पंप डलवाने का प्रस्ताव भेजा है जिसकी स्वीकृति अपेक्षित है। महानिदेशक जेल द्वारा सर्किल जेल शिवपुरी का संपूर्ण भ्रमण कर निरीक्षण करते हुये जेल की सुरक्षा व्यवस्था एवं स्वच्छता व अनुशासन की भूरि-भूरि प्रशंसा की गई।

## कोसरिया महरा समाज का अनूठा पहल

# मेधावी छात्र,छात्रा सहित उत्कृष्ट कार्यों के लिए होंगे सम्मानित

कोसरिया महरा समाज जिला गरियाबंद द्वारा 31 मई 2023 को ग्राम मुंगझर मे मेधावी छात्र/छात्रा सहित विभिन्न क्षेत्रो मे उत्कृष्ठ कार्य करने वाले समाज के लोगो को सम्मान करेगी। कोसरिया महरा समाज के सचिव श्री कुमेन्द्र कश्यप ने बताया की इस कार्यक्रम मे महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के सांसद चुन्नीलाल् साहू जी,विधायक डमरुधर पुजारी जी,जिलापंचायत के अध्यक्ष श्रीमती स्मृति नीरज ठाकुर जी,देवभोग जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नेहा सिंघल जी,मैनपुर जनपद अध्यक्ष श्रीमती नूरमती मांझी जी, छुरा जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती तोकेश्वरी मांझी जी सहित विभिन्न समाज के प्रमुखो को बुलाया गया है। जिसमे शिक्षा,स्वास्थ्य,कृषि,समाज सेवा,कला एव साहित्य, विज्ञान,वाणिज्य,हस्त कला शिल्प कला,सामाजिक संस्कृति के क्षेत्रो मे विशेष उपलब्धी हासिल किये समाज के लोगो को और कक्षा 10वीं,12वीं स्नातक, स्नातकोतर मे 75त्र से अधिक प्रतिशत प्राप्त छात्र/छात्राओं को समाज द्वारा तय राशि और प्रशस्ती प्रमाण पत्र के साथ सम्मान किया जावेगा। वही कोसरिया महरा समाज ज्ञान दीप सम्मान और ज्ञान गंगा सम्मान के रूप मे भी विशेष सम्मान करेगी। उक्त कार्यक्रम मे गरियाबंद जिला सहित ओ?शा और छत्तीसग? के अन्य जिलों से भी समाज के लोग उपस्थित रहेंगे। माना जा रहा है की कोसरिया महरा समाज का यह अनूठा प्रयास है इस सम्मान समारोह से छात्र छात्राओ का उत्साह वर्धन के साथ समाज के लोगो मे विभिन्न क्षेत्रों मे कार्य करने की क्षमता मे विकास होंगी जिससे एक सर्वांगीण विकास की संभावना बनेगी।कोसरिया महरा समाज के जिलाध्यक्ष डा योगीराज माखन कश्यप जी ने बताया की उक्त कार्यक्रम की तैयारी विगत एक महीने से की जा रही है, क्षेत्र मे लगातार प्रचार प्रसार की जा रही है। लगभग 100 लोगो को समाज द्वारा सम्मान किया जावेगा जिसमे पिछला और अभी वर्तमान शिक्षा सत्र मे प्रवीण्य सूची मे आये मेधावी छात्र/छात्राओं को सम्मान किया जावेगा।कार्यक्रम को सफल बनाने मे विशेष रूप से संरक्षक श्री निरंजन कश्यप,अध्यक्ष डा योगीराज माखन कश्यप,सचिव श्री कुमेन्द्र कश्यप,उपाध्यक्ष श्री कंचन कुमार कश्यप,कोषाध्यक्ष श्री खिरनाथ कश्यप,सहसचिव जगदीश कश्यप,उपकोषाध्यक्ष श्री अनुप कश्यप,अरुण कुमार कश्यप,खेत्रों कश्यप,गोपाल कश्यप,केशरी राम कश्यप,गजेंद्र कश्यप प्रीत कश्यप,टेलु राम कश्यप,रामाधीन कश्यप,त्रिलोचन दास कश्यप, केशव राम कश्यप,नबु राम कश्यप,कंवर लाल कश्यप,शेषनारायण कश्यप,जीवन लाल कश्यप,नीलांबर कश्यप,उधो राम कश्यप,घेनूराम कश्यप, प्रेम कश्यप अभय राम कश्यप,सुरेश कश्यप,रेवा राम कश्यप सहित समस्त कार्यकारणी, कर्मचारी प्रकोष्ट,बुनकर प्रकोष्ट,युवा प्रकोष्ट के सदस्य निरंतर प्रयास कर रहे है।

# प्रधानमंत्री मोदी के 9 वर्ष की उपलब्धियों के साथ महाजनसंपर्क अभियान को सर्वव्यापी बनाएं : जीतू जिराती

## भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री तरुण चुघ 4 जून को भिंड आएंगे

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार की 9 वर्ष के कार्यकाल उपलब्धियों को एवं 30 मई से 30 जून तक चलने वाले एकमात्र भारतीय जनता पार्टी के विशाल महा संपर्क अभियान की तैयारी को लेकर लोकसभा संसदीय क्षेत्र भिंड एवं दतिया जिले की संयुक्त बैठक शहर के मध्य विरासत होटल में आयोजित की गई जिसमें आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों को गति प्रदान करने के लिए विचार विमर्श किया गया। जिसमें पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री तरुण चुघ 4 जून को भिंड आएंगे और जिला स्तरीय व्यापारियों एवं सोशल मीडिया के योद्धाओं से संवाद करेंगे।भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं महा जनसंपर्क अभियान के उत्तर प्रदेश टोली के सदस्य जीतू जिराती ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता आधारित दल है विचार और सेवा और समर्पण के माध्यम से ही संगठन को मजबूती प्रधान मिलती है केंद्रीय नेतृत्व ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार की 9 वर्ष की उपलब्धियों को लेकर महा जनसंपर्क अभियान 30 मई से 30 जून तक प्रारंभ होने जा रहा है भिंड और दतिया के प्रत्येक बूथ स्तर तक इस अभियान को हम सब मिलकर के सर्वव्यापी बनाकर गति प्रदान करें। मप्र पाठ्य पुस्तक निगम के कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त एवं जिला स्तरीय टोली के सदस्य शैलेंद्र बरुआ ने महा जनसंपर्क अभियान को लेकर



आयोजित बैठक की समीक्षा करते हुए कहा कि जिन कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी मिली है अपने कार्य को प्रत्येक विधानसभा क्षेत्रों में आगे बढ़ाएं।भाजपा जिलाध्यक्ष देवेंद्र सिंह नरवरिया ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए स्वागत भाषण में कहा यह भाजपा का महा जनसंपर्क अभियान महायज्ञ है जिसमें हर कार्यकर्ताओं को अपनी अहम भूमिका निभाकर प्रत्येक समाज के घर घर पहुंच कर केंद्र सरकार की उपलब्धियों को पहुंचाएं उन्होंने कहा कि 1 माह का समय हर कार्यकर्ता को देना है,हम घर पर नहीं बैठे व्यक्ति नहीं विचार भाव से हम काम करेंगे तो हमारा निश्चित महा जनसंपर्क अभियान गति प्रदान करेगा।बैठक का शुभारंभ भारतीय जनसंघ के प्रेरणा स्त्रोत एकात्म मानववाद के विचारक पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं संगठन वटवृक्ष डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के छायाचित्र पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक जीतू जिराती एवं मंचासीन अतिथियों द्वारा दीप एवं किया गया वहीं श्री नरवरिया ने शाल और श्रीफल के साथ प्रदेश उपाध्यक्ष का साल और श्रीफल के साथ स्वागत करते हुए उन्हें सम्मानित किया।बैठक में जिला संगठन प्रभारी जयप्रकाश राजौरिया,प्रदेश उपाध्यक्ष एवं भिंड दतिया सांसद संध्या राय, राज्यमंत्री नगरीय प्रशासन ओपीएस भदौरिया,प्रदेश उपाध्यक्ष चौधरी मुकेश सिंह चतुर्वेदी,प्रदेश मंत्री केशव सिंह भदौरिया प्रदेश मंत्री एवं दतिया जिले के प्रभारी मदन कुशवाहा, विधायक संजीव सिंह कुशवाह संजू , निगम अध्यक्ष पूर्व विधायक रणवीर सिंह जाटव,पूर्व विधायक रसाल सिंह, विधानसभा संयोजकों में मायाराम शर्मा एडवोकेट,अमृतपाल सिंह बघेल एडवोकेट,नवल मिश्रा, रामबाबू उपाध्याय,शैलेंद्र पालीवाल एवं समस्त विधानसभाओं के विस्तारक जिला महामंत्री, एवं कार्यक्रम के जिला टोली के सभी पदाधिकारी सदस्य शामिल थे। बैठक का संचालन जिला महामंत्री धीर सिंह भदौरिया एवं आभार व्यक्त दतिया जिला अध्यक्ष सुरेंद्र बुधौलिया द्वारा किया गया।

# प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन की बैठक संपन्न कई बिंदुओं पर हुई चर्चा





**पुष्पांजली टूडे संवाददाता मालनपुर पहलवान सिंह राजावत**

**भिंड** ग्वालियर रोड स्थित शिवाजी पब्लिक स्कूल में आज प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन की बैठक आयोजित हुई बैठक में शिवाजी पब्लिक स्कूल संचालक की अध्यक्षता में की गई जिसमें कई मुख्य बिंदुओं पर चर्चा हुई जैसे कि कोई भी स्कूल संचालक किसी भी बच्चे को बगैर टी सी के स्कूल में दाखिला नहीं देगा कक्षा पांचवी आठवीं की जो परीक्षा का परिणाम आया है उसमें अंतिम होने वाले छात्रों के बारे में चर्चा होना व प्रवेश प्रारंभ प्रक्रिया संबंधित अपने अपने विचार रखेआरटी संबंधित चर्चा हुई शिवाजी पब्लिक स्कूल संचालक दिनेश सिंह परिहार उर्फ बंटू ने कहा कि एकता में बड़ी ताकत होती है मालनपुर प्राइवेट स्कूल के सभी संचालक एक रहें जिससे हमें स्कूल चलाने में आ रही कई आवश्यक सुविधाएं के लिए शासन से मांग कर सकें जिससे हम क्षेत्र के बच्चों को अच्छी से अच्छी शिक्षा दे मालनपुर नगर हरी राम पूरा के पाल बंसल बृजेंद्र पाल बंसल पत्रकार के बच्चे विशाल को अच्छे नंबर आने पर शिवाजी पब्लिक स्कूल संचालक दिनेश सिंह परिहार एवं मालनपुर नगर के पत्रकार बंधुओं माला पहनाकर मालनपुर नगर का नाम रोशन करने पर सम्मान किया एवं कहा कि हम सब ईश्वर से कामना करते हैं कि ऐसे ही आप ऊंचाइयों को छूते रहें बैठक में उपस्थित रहे अरविंद सिंह सेगर, सुरेंद्र सिंह, प्रदीप पवैया, राम जैन, पंकज, अर्जुन, राहुल परिहार, सचिन परिहार, सुनील, आदि मौजूद रहे

# ढाबा संचालक पर गोली चलाकर, रंगदारी दिखाने बाले ईनामी एवं रा.सु.का. वांरटी हुये गिरफ्तार

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** दिनांक 24/05/23 की रात्रि करीब 1 बजे भिण्ड- इटावा हाईवे पर स्थित दावत होटल के बगल में सूर्या ढाबा पर खाना खाने के बाद पैसे न देने के उपर से हुये विवाद पर से मुख्य आरोपी ने अपने अन्य चार साथियों के साथ मिलकर ढाबा मैनेजर के ऊपर फायर कर मारपीट की तथा दहशत फैलाई थी, जिस पर से थाना देहात में अपराध क्रमांक 305 / 23 धारा 307, 147, 148,149, 294, 323, 506 भादवि. का पंजीबद्ध हुआ था।उक्त घटना को पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री द्वारा गम्भीरता से लिया जाकर मुख्य आरोपी पर 10 हजार रूपये का ईनाम एवं उसके अन्य साथियों पर 3- 3 हजार रूपये का ईनाम घोषित करते हुये सीएसपी सुश्री निशा रेड्डी व थाना प्रभारी देहात सुधीर सिंह कुशवाह को त्वरित कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया था। पुलिस अधीक्षक भिण्ड के निर्देश के पालन में थाना प्रभारी देहात द्वारा घटना का मुख्य आरोपी का आपराधिक रिकॉर्ड खंगाला गया तो पता चला कि उक्त आरोपी पर थाना देहात थाना सिटी कोतवाली, फूप ऊमरी में करीब दो दर्जन अपराध पंजीबद्ध है बाद आरोपीगणों की घेराबन्दी हेतु रणनीति तैयार कर दो टीमें बनायी गयी। गठित टीम द्वारा तत्परता दिखाते हुये अपने खुफिया तंत्र को सक्रिय करते हुये आरोपीगणों की पतारसी प्रारम्भ की गयी । मुख्य आरोपी एवं अन्य आरोपी को 48 घंटे की भीतर गिरफ्तार किया गया ।उक्त प्रकरण में आरोपी के आपराधिक रिकॉर्ड को देखते हुये पुलिस अधीक्षक द्वारा गंभीरता से लेकर मुख्य आरोपी के विरूद्ध राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम लगाये जाने हेतु प्रकरण तैयार कराकर जिला दण्डाधिकारी भिण्ड को प्रतिवेदन भेजा गया,जिला दण्डाधिकारी द्वारा आरोपी का रा.सु.का. वांरट जारी किया गया ।उक्त सराहनीय कार्य में सीएसपी सुश्री निशा रेड्डी ,निरीक्षक सुधीर सिंह कुशवाह,उपनिरीक्षक आदिल खान,प्रधान आरक्षक गुरूदास,सुमित तोमर, मृगेन्द्र जादौन,सोनेन्द्र राजावत, केशव भदौरिया,आरक्षक सन्दीप राजावत,ज्ञानेन्द्र मिश्रा आदि की महत्वपूर्ण भूमिका रही ।

# आईएएस विनोद कुमार काग का कोरूमला बडेर में किया भव्य स्वागत

**पुष्पाजंली टुडे /नारायणलाल सेंणचा ब्यूरो सीफ**



**हैदराबाद।**कोरूमला स्थित श्री आईमाता में अखिल भारतीय सीरवी महासभा तेलंगाना सीरवी समाज के तत्वाधान में 2017 में बने सीरवी समाज के दूसरे आईएएस विनोद कुमार काग का बडेर के अध्यक्ष कालूराम काग,सचिव डायाराम लचेटा द्वारा साहब का साफा साल माला पहनाकर स्वागत किया गया ।इस अवसर पर अखिल भारतीय सीरवी महासभा तेलंगाना अध्यक्ष हरजीराम काग सचिव सोहनलाल हम्मड़ का साफा माला द्वारा सम्मान किया गया।इस कार्यक्रम में पारसीगुट्टा बडेर से पधारे शिक्षा समिति अध्यक्ष परसराम बर्फा व कार्यकारणी कमेटी सचिव किशनसिंह राठौड़ व अन्य बडेरो से पधारे अध्यक्षों व सचिवों का भव्य स्वागत कोरूमला बडेर के समस्त कार्यकारिणी सदस्य द्वारा साफा व माला पहनाकर स्वागत किया गया।इस कार्यक्रम में विशेष रूप से शिक्षा पर ध्यान आकर्षित किया गया जिसमें विनोद कुमार ने अपनी वाणी से आई माताजी का जयकारा लगाकर समाज मे अपने विचार साझा किये ।उक्त जानकारी अखिल भारतीय सीरवी महासभा तेलंगाना अध्यक्ष हरजीराम काग द्वारा दी गई।

## गुड़ालास गांव में गाजे बाजे संग हुई प्रतिष्ठा

# दिनभर रहा मेले सा माहौल हेलिकॉप्टर से हुई पुष्पवर्षा





**पुष्पाजंली टुडे / नारायणलाल सेंणचा**

पाली : निकटवर्ती गुड़ालास गांव में नवनिर्मित श्री आई माताजी मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव धूम-धाम से संपन्न हुआ । पंचदिवसीय महोत्सव के तहत दिनभर कई धार्मिक कार्यक्रम हुए ।सम्पन हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भागीदारी निभाई ।ग्राम में दिनभर मेले सा माहौल रहा ।आस -पास गांवों के अलावा प्रवासीबंधुओं ने भी आयोजन में शिरकत की। आईमाता जयकारे से गुड़ालास गांव गूंज उठा ।महोत्सव के तहत आयोजित यज्ञ में मुख्य यजमानों सहित श्रद्धालुओं ने यज्ञ में सपत्नीक पूर्णाहुति देकर धर्मलाभ अर्जित किया। हेलिकॉप्टर से पुष्प वर्षा के साथ मंदिर में आईमाता सहित विभिन्न देवी देवताओं की मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा पाट स्थापना, अखंड ज्योत स्थापना के साथ मंदिर पर कलश व अमर ध्वजा की स्थापना की गई। इस मौके आईमाता के जयकारों से वातावरण धर्ममयी बन गया । इस अवसर पर आयोजित धर्मसभा में सीरवी समाज के धर्मगुरू दीवान माधवसिंह ने कहा कि परोपकार की जड़ सदैव हरी होती है। उन्होंने कहा कि अच्छे कर्मो का फल अच्छा ही मिलता है ।समय समय ऐसे धार्मिक आयोजन होते रहते है।जिससे मन बेहद प्रसन्न होता है । दीवान ने कहा की गुड़ालास गांव के लिए गौरव की बात है ।श्रद्धालुओं ने आई माता मंदिर का निर्माण कर अपने धर्म एंव संस्कृति को आगे बढ़ाने का बहुत अच्छा कार्य किया है। समाज के बंधुओं को धर्म के साथ-साथ शिक्षा पर जोर देने के लिए कहा, शिक्षा इसमें भी बालिका शिक्षा पर विशेष जोर दिया। उन्होंने बताया की शिक्षित समाज ही विकसित समाज हो सकता है।साथ ही युवा पीढ़ी को नशे से दूर रहने का आह्वान किया। इसके बाद विभिन्न वडेरो से पधारे हुए पदाधिकारियों,जमादारो, कोटवालो का स्वागत सत्कार किया गया। इस महोत्सव में समाज के अनेक गणमान्य बंधुओं ने भाग लिया।

## लूट के तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार

# बरासों थाना प्रभारी सीपीएस चौहान व साइबर सेल टीम की कार्यवाही

**उमाकांत शर्मा भिंड**



**भिंड।** श्रीमान मनीश खत्री पुलिस अधीक्षक जिला भिण्ड, श्रीमान कमलेश कुमार खरपूसे अति. पुलिस अधीक्षक जिला भिण्ड, श्रीमान आर. के. एस. राठौर एसडीओपी मेहगाँव जिला भिण्ड के निर्देशन में लूट के आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु थाना प्रभारी बरासों उपनिरी सीपीएस चौहान व उनकी टीम द्वारा की गई कार्यवाही।बीते रोज फरियादी संतोष शाक्य पुत्र श्री जयश्रीराम शाक्य निवासी ग्राम गहेली ने अज्ञात तीन आरोपियों द्वारा कैरोरा-कैमोखरी के बीच अपाचे मोटर साइकिल बिना नम्वर से पत्नि से पर्स छीनकर कट्टा दिखाकर लूट कर ले गए जिस पर से थाना बरासो में अज्ञात आरोपीगणों के विरुद्ध अपराध क्र. 30/2023 धारा 392 भादवि 11-13 एमपीडीपीके एक्ट का पंजीबद्ध कर विवेचा में लिया गया। प्रकरण की गम्भीरता को देखते हुए श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय भिण्ड द्वारा अज्ञात आरोपीगणों की तलास हेतु निर्देश दिए गए एवं समय समय पर मार्गदर्शन दिया गया, दौराने विवेचना सीसीटीव्ही फुटेज, सायवर सेल एवं स्थानीय मुखविरो की मदद से आरोपीगण को ज्ञात कर आरोपीगणों को गिरफ्तार कर लूटा गया माल मसरुका बरामद किया गया एवं आरोपीगणों को जेआर पर माननीय न्यायालय में पेश किया गया।उक्त कार्यवाही में एक वीवो कम्पनी का मोबाइल, नगदी पर्स, कट्टा, राउण्ड, सफेद अपाचे, कुल कीमती 165000 का माल जप्त किया गया।



उपनिरी सीपीएस चौहान, उपनिरी दीपेन्द्र यादव, प्रआर जुगराज चौहान, महेश आनंद सायवर सेल भिण्ड, सतेन्द्र यादव, मनोज कुशवाह,आशीष सिंह तोमर, रामबरन सिंह तोमर थाना बरासों की सराहनीय भूमिका रही।

# परम पूज्य राज पदम सागर जी महाराज साहब आदि ठाणा 2 का नगर प्रवेश लब्धि धाम में



**पुष्पाजंली टुडे**

**बेंगलुरू :**श्रीरामपुरम में पूज्य महाराज साहब का चत चातुर्मास निंमित्त भव्यातिभव्य भव्य नगर प्रवेश लब्धि धाम में संपन्न हुआ। जैसा की विदित है पूज्य महाराज साहब पुणे से उग्र विहार करते हुए लब्धि धाम पधारे श्रीरामपुरम से जैन शांति नवकार मंडल, विमल शांति महिला मंडल, शांति नवकार बालिका मंडल एवं संघ के अनेक महानुभाव उपस्थित रहे ।बालिका मंडल ने नवकार की धुन के साथ भव्य अतिभव्य बैंड बजा कर गुरुदेव का स्वागत किया । पूरा वातावरण हर्षोल्लास से ओतप्रोत था । संघ के चेयरमैन शांतिलाल खीवेसरा ने बताया कि आज हमारे लिए गौरव का विषय है कि शांतिनाथ भगवान की प्रतिष्ठा के 23 वर्ष पश्चात पूज्य गुरुदेव का चातुर्मास होने जा रहा है । अतः जन-जन में हर्षोल्लास व आनंद का वातावरण छाया हुआ है ।पूज्य गुरुदेव ने कहा कि संघ के हर एक सदस्यों को चातुर्मास में जुड़ना है व धार्मिक आध्यात्मिक एवं तप की दृष्टि से चातुर्मास को एक ऐतिहासिक चातुर्मास बनाना है । गुरुदेव के मांगलिक के साथ समारोह समापन हुआ

## लहार पुलिस ने पकड़ा लाखों का गांजा

# पुलिस अधीक्षक सहित भारी मात्रा में पुलिस बल मौजूद



पुलिस अधीक्षक भिंड मनीष खत्री के निर्देशन में एवम एसडीओपी लहार अवनीश बंसल के मार्गदर्शन में लहार थाना पुलिस ने आज मुखबिर की सूचना से लाखों रुपये का खेत मे खड़ा गांजा पकड़ा ।जानकारी के अनुसार आज लहार थाना प्रभारी वरुण तिवारी को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि लहार थाना क्षेत्र के ग्राम पृथ्वीपुरा के पास एक खेत मे एक संदिग्ध गांजा उखाड़ रहा है मुखबिर की सूचना की तुरन्त तस्तीक कर पुलिस अधीक्षक भिंड मनीष खत्री एवम एसडीओपी लहार अवनीश बंसल को अबगत कराया गया जो तुरन्त मौके पर पहुँचे ओर उस संदिग्ध के साथ लाखों का गांजा पकड़ने में महत्वपूर्ण सफलता हांसिल की खबर लिखे जाने तक 250 से अधिक गांजे के पौधों की गिनती कर जप्त कर लिया गया था कार्यबाही जारी है एवम संदिग्ध युवक को कब्जे में लेकर पूंछतांछ की जा रही है एवम भारी मात्रा में पुलिस बल मौजूद है ।सुनिये क्या बोले पुलिस अधीक्षक महोदयलहार पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर कार्यबाही की जा रही संदिग्ध को पकड़कर पूंछतांछ की जा रही है कार्यबाही जारी है 250 से अधिक गांजे के पेड़ जप्त कर लिए गए है ।

मनीष खत्री पुलिस अधीक्षक भिंड

# अक्सर मुसीबत में ही भगवान आते याद,मुसीबत में रक्षा भी करते हैं भगवान-श्रीजी प्रिंयका शास्त्री

पुराना पेड़ फल नहीं देता लेकिन छांव देता है ऐसे ही मां-बाप बुढ़ापे में पैसे कमा के नहीं दे सकते लेकिन बच्चों को संस्कार जरूर देते हैं-श्रीजी प्रिंयका शास्त्री

नगर दबोह के समीप ग्राम धौरका में 29 कुण्डीय श्री राधाकृष्ण महायज्ञ सर्वजातिय सामूहिक कन्या विवाह महायज्ञ एवं श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ एवं संत प्रवचन प्रारम्भ, यज्ञ में कथा के दसवे दिवस श्रीजी प्रियंका शास्त्रीजी ने श्रीमद् भागवत महापुराण की अमृत वर्षा से भक्तो कृतारित किया श्रीजी प्रियंका शास्त्रीजी ने भक्ति पर प्रकाश डालते हुए कहा की महारास में पांच अध्याय हैं उनमें गाए जाने वाले पंच गीत भागवत के पंच प्राण हैं जो भी ठाकुरजी के इन पांच गीतों को भाव से गाता है, वह भव पार हो जाता है उन्हें वृंदावन की भक्ति सहज प्राप्त हो जाती है कथा में भगवान का मथुरा प्रस्थान, कंस का वध, महर्षि संदीपनी के आश्रम में विद्या ग्रहण करना, कल्यवान का वध, उद्धव गोपी संवाद, ऊद्धव द्वारा गोपियों को अपना गुरु बनाना, द्वारका की स्थापना एवं रुक्मणी विवाह के प्रसंग का संगीतमय कथा का श्रवण कराया गया आचार्य डॉ. संजय कृष्ण सरल जी महाराज ने कहा कि महारास में भगवान श्रीकृष्ण ने बांसुरी बजाकर गोपियों का आह्वान किया और महारास लीला द्वारा ही जीवात्मा का परमात्मा से मिलन हुआ उन्होंने कहा कि भगवान कृष्ण ने 16 हजार कन्याओं से विवाह कर उनके साथ सुखमय जीवन बिताया भगवान श्रीकृष्ण रुक्मणी के विवाह की झांकी ने सभी को खूब आनंदित किया रुक्मणी विवाह के आयोजन ने श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया इस दौरान कथा मंडप में विवाह का प्रसंग आते ही चारों तरफ से श्रीकृष्ण-रुक्मणी पर जमकर फूलों की बरसात हुई कथावाचक ने भागवत कथा के महत्व को बताते हुए कहा कि जो भक्त प्रेमी कृष्ण-रुक्मणी के विवाह उत्सव में शामिल होते हैं उनकी वैवाहिक समस्या हमेशा के लिए समाप्त हो जाती है कथा वाचक ने कहा कि जीव परमात्मा का अंश है इसलिए जीव के अंदर अपार शक्ति रहती है यदि कोई कमी रहती है, तो वह मात्र संकल्प की होती है संकल्प एवं कपट रहित होने से प्रभु उसे निश्चित रूप से पूरा करेंगे उन्होंने महारास लीला श्री उद्धव चरित्र, श्री कृष्ण मथुरा गमन और श्री रुक्मणी विवाह महोत्सव प्रसंग पर विस्तृत रुप से कथा सुनाई,अंत में उन्होंने कहा संसार में मित्रता श्री कृष्ण और सुदामा की तरह होनी चाहिए सुदामा के आने की खबर मिलने पर श्रीकृष्ण दौड़ते हुए दरवाजे तक गए थे पानी परात को हाथ छुयो नहिं, नैनन के जल से पग धोए, अर्थात श्री कृष्ण अपने बाल सखा सुदामा के आगमन पर उनके पैर धोने के लिए पानी मंगवाया, परन्तु सुदामा की दुदेशा को देखकर इतना दुख हुआ है कि प्रभु के आंसुओं से ही सुदामा के पैर धुल गए आधुनिक युग में स्वार्थ के लिए लोग एक-दूसरे के साथ मित्रता करते हैं और काम निकल जाने पर वे भूल जाते है जीवन में प्रत्येक प्राणी को परमात्मा से एक रिश्ता जरूर बनाना चाहिए। भगवान से बनाया गया रिश्ता जीव को मोक्ष की ओर ले जाता है उन्होंने कहा कि स्वाभिमानी सुदामा ने विपरीत परिस्थितियों में भी अपने सखा कृष्ण का चिंतन और स्मरण नहीं छोड़ा। इसके फलस्वरूप कृष्ण ने भी सुदामा को परम पद प्रदान किया सुदामा चरित्र की कथा का प्रसंग सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो गए इस दौरान यज्ञ प्रबंधक चंद्रशेखर कुशवाहा भगत जी ने बताया कि भागवत कथा सुनने से मनुष्य को मोक्ष की प्राप्ति होती है कथा सुनने आसपास के गांवों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे भागवत कथा सुनने यहां दूर-दूर से लोग पहुंच रहे हैं और भागवत कथा सुनकर उसे अपने जीवन में उतारने का संकल्प ले रहे हैं इस 29 कुण्डीय श्री राधाकृष्ण महायज्ञ पधारे हुये भक्तो का हार्दिक स्वागत करते है इस दौरान यज्ञाचार्य शिवम् शास्त्री श्रीधाम वृंदावन,यज्ञ परीक्षत बब्बूराजा गुर्जर (गोटिया) कथा परीक्षत सुनीता अनुरूध सिंह गुर्जर(बड़ेलला) एवं समस्त क्षेत्रवासियो मौजूद रहे... !द्व

### सेक्स, लाइक्स एंड स्टोरीज का ट्रेलर आउट

# सोशल मीडिया यूजर्स के ऑनलाइन प्यार, सत्यापन और असुरक्षा की कहानी

पुरस्कार विजेता निर्देशक कीथ गोम्स सेक्स, लाइक्स और स्टोरीज के साथ वापस आ गए हैं। आईफोन पर शूट की गई, महत्वाकांक्षी लघु फिल्म सोशल मीडिया के अंधेरे पक्ष को सबसे अलग तरीके से खोजती है, जिसमें अभिषेक बनर्जी, मोक्षदा जेलखानी और श्रुति मेनन मुख्य भूमिकाओं में हैं। शॉर्ट फिल्म के बहुप्रतीक्षित ट्रेलर ने दर्शकों के बीच उत्सुकता पैदा कर दी है। निर्देशक कीथ का मानना है कि लघु फिल्म अधिकांश सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं के साथ जुड़ जाएगी। सामाजिक संदेश के साथ एक तेज-तर्रार थ्रिलर दर्शकों को अपनी सीट से बांधे रखेगा। सेक्स, लाइक्स एंड स्टोरीज के ट्रेलर में मान्यता का पीछा करते हुए, ऑनलाइन प्यार की तलाश करते हुए और पहले एक कहानी साझा करने की जरूरत की तिकड़ी को दिखाया गया है। कीथ गोम्स की लीक से हटकर विषयों की पसंद तीन जिंदगियों की इस कहानी और वर्तमान में हम जिस मीन वर्ल्ड इंडेक्स में रह रहे हैं, उसके माध्यम से सामाजिक वास्तविकता को चुनौती देती है। ट्रेलर एक अनूठा होने का दावा करता है क्योंकि यह सोशल मीडिया, बॉडी शेमिंग के कारण होने वाले मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दों पर प्रकाश डालता है। , और हमें गोरी चमड़ी वाले होने की आवश्यकता है। इस पर बात करते हुए, निर्देशक कीथ ने कहा, सेक्स, लाइक्स एंड स्टोरीज सोशल मीडिया की घुमावदार गहराई के माध्यम से एक रोलरकोस्टर की सवारी है, जो अंधेरे हास्य और मनोरंजक कहानी कहने का सम्मिश्रण है। अपने आप को एक जंगली यात्रा के लिए तैयार करें जो आपको उस सब कुछ पर सवाल उठाएगी जो आपने सोचा था कि आप उस आभासी दुनिया के बारे में जानते थे जिसमें हम रहते हैं। एक अपरंपरागत सवारी शुरू करने के लिए तैयार हो जाएं जो सोशल मीडिया के अंडरबेली को विचित्रता और बहुत सारे आश्चर्य के साथ उजागर करती है। ! कीथ ने अपने ऑस्कर-पात्र बेशर्म के बाद इस परियोजना में खुद को डुबो दिया। उन्होंने आईफोन पर शूट करके सेक्स, लाइक्स और स्टोरीज के सार को कैप्चर किया। सिनेमैटोग्राफर तपन बसु द्वारा शूट किए गए, अभिनेताओं ने भी वास्तविक उपयोगकर्ताओं की तरह अपने हिस्से को शूट किया। सोशल मैसेजिंग के साथ विचित्र




भूमिकाओं के बारे में बात करते हुए, अभिनेता अभिषेक बनर्जी ने कहा, मैंने फिल्म की क्योंकि जब भी कीथ मुझे किसी भी चीज के लिए बुलाएगा तो मैं वहां रहूंगा। वह मुंबई में मेरे करियर के स्तंभों में से एक हैं! जिसने मुझे कास्टिंग डायरेक्टर के रूप में मेरा पहला काम दिया, लेकिन यह कहते हुए कि मुझे यह भी लगता है कि भले ही कीथ कई व्यावसायिक फिल्मों में सहयोगी निर्देशक रहे हों, लेकिन उनकी संवेदनाएं हमारी फिल्म की तरह पूरी तरह से मौलिक और विचित्र हैं, जो मुझे लगता है कि काफी मौलिक है। सोशल मीडिया पागलपन पर ले लो। मोक्षदा ने खुद बॉडी शेमिंग का सामना किया, डांस रियलिटी टीवी किया। उन्होंने कहा, स्पॉटलाइट में इतने सारे प्रदर्शन करने वाले कलाकारों की तरह, मुझे भी सोशल मीडिया पर बहुत नकारात्मकता, गाली-गलौज और ट्रोलिंग का शिकार होना पड़ा है। प्रारंभ में, यह मुझे वास्तव में निराश कर गया, लेकिन धीरे-धीरे मैंने यह समझना सीख लिया कि वास्तव में क्या मायने रखता है बनाम क्षणिक क्या है। संख्याएं, लोकप्रियता और टिप्पणियां यह परिभाषित नहीं करती हैं कि आप कौन हैं, आपका काम करता है। जैसा कि ब्रह्मांड के पास होगा, कीथ सर अहसास के इस चरण के दौरान मेरे पास पहुंचे और मुझे हमारी फिल्म के रूप में समाज के लिए इस बिल्कुल शुद्ध, मिलावट रहित और बहुत जरूरी दर्पण का हिस्सा बनने का अवसर दिया, और मैं हर किसी के इसे देखने और इसे जीने का इंतजार नहीं कर सकता, जैसा कि हम सभी ने इसे बनाते समय किया है। गिरीश बॉबी तलवार से जब पूछा गया, सोशल मीडिया एक प्रभावशाली शक्ति बन गया है जो हमारे जीवन और मानसिक कल्याण को गहराई से प्रभावित करता है। हमारी फिल्म के साथ, हम सोशल मीडिया के दायरे में अक्सर देखे जाने वाले व्यक्तिगत संघर्षों पर प्रकाश डालने का प्रयास करते हैं। हमारा इरादा सार्थक बातचीत को प्रज्वलित करना, सहानुभूति को बढ़ावा देना और लोगों को हमारे समाज में एक दूसरे के प्रति और खुद के प्रति अधिक सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना है। कीथ गोम्स द्वारा लिखित और निर्देशित, सेक्स, लाइफ एंड स्टोरीज़ में अभिषेक बनर्जी, मोक्षदा जेलखानी और श्रुति मेनन हैं। फिल्म का निर्माण एमी-नामांकित गिरीश बॉबी तलवार (ओएमएल के सह-संस्थापक और रिबेलियन मैनेजमेंट के संस्थापक), ऑस्कर अकादमी के सदस्य संदीप कमल, कीथ गोम्स और सुरेश जगासिया द्वारा किया गया था। क्रिएटिव डायरेक्टर हुज़ेफ़ा लोखंडवाला (प्राइम फोकस के सह-संस्थापक), साउंड डिज़ाइनर ऑस्कर विजेता रेसुल पुकुट्टी और जगदीश नचकेकर, बॉलीवुड संगीतकार क्लिंटन सेरेजो द्वारा स्कोर, यश कपूर, ज़ैन बॉक्सवाला, एसएफएक्स और प्रोडक्शन डिज़ाइन सुरेश सेल्वराजन और गार्गी मुखर्जी।

# पुष्पा-2 में नजर आ सकते हैं रणवीर सिंह, असफलता से उबरने का प्रयास

हिन्दी सिनेमा के ऊर्जावान सितारों में शामिल रणवीर सिंह इन दिनों अपनी असफलता को लेकर चर्चाओं में हैं। उनकी गत वर्ष प्रर्दशित रोहित शेट्टी की फिल्म सर्कस असफल हो गई थी। उससे पहले उनकी कबीर खान निर्देशित 83 को भी असफलता का सामना करना पड़ा था।बताया जा रहा है कि अपनी असफलता को धोने के लिए रणवीर सिंह ने ख्यातनाम निर्देशक सुकुमार का हाथ थामा है। प्राप्त समाचारों के अनुसार रणवीर सिंह सुकुमार के निर्देशन में बन रही अल्लू अर्जुन अभिनीत पुष्पा-2 में कैमियो करने जा रहे हैं।मीडिया रिपोर्ट के अनुसार रणवीर सिंह पुष्पा-2 में पुलिस वाले की भूमिका में नजर आएंगे। जिसके चलते फिल्म को एक अलग मोड मिलेगा। बताया जा रहा है





कि रणवीर सिंह पर कुछ एक्शन दृश्य भी फिल्माए जाएंगे, जिससे एक्शन का डोज डबल होगा। हालांकि अभी तक इसे लेकर कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है।अल्लू अर्जुन के फैंस को काफी बेसब्री से फिल्म पुष्पा- दि रूल का इंतजार है। जब फिल्म का पहला पार्ट आया था तो पूरे देश के सिर पर पुष्पा फीवर चढ़ा हुआ था। फिल्म के गाने, डायलॉग और हर एक सीन लोगों को जुबानी याद हो गया था। फिल्म के हीरो अल्लू अजुर्न की फैन फॉलोइंग इस फिल्म से कई गुना बढ़ चुकी है। इन दिनों फिल्म का पोस्ट प्रोडक्शन वर्क जारी है।मेकर्स ने बीते दिनों फिल्म का एक वीडियो भी जारी किया था, जिसमें यह नजर आया था कि पुष्पा फरार हो गया है और पूरे देश की पुलिस उसे खोज रही है। मेकर्स ने फैंस को इस वीडियो के साथ यह जानकारी भी दी थी कि फिल्म को इस साल के अंत तक रिलीज किया जा सकता है।

# सरथ बाबू के अन्तिम संस्कार में शामिल नहीं हुए कमल हासन, जानिये क्यों





अभिनेता कमल हासन अभिनेता सरथ बाबू के अंतिम संस्कार में शामिल नहीं हो सके, जो मंगलवार को चेन्नई में आयोजित किया गया था। कमल ने पहले ट्वीट किया था, एक महान अभिनेता और एक महान मित्र सरथबाबू का निधन हो गया है। उनके साथ अभिनय के दिन मेरे दिमाग में छाये हुए हैं। तमिल में मेरे गुरुनाथ द्वारा प्रस्तुत किया गया। उन्होंने कई कालातीत भूमिकाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। सिनेमा ने एक अच्छा अभिनेता खो दिया है। उन्हें मेरी श्रद्धांजलि ससहालांकि, अभिनेता अंतिम संस्कार में शामिल नहीं हो सके, जिससे लोगों की भौंहें तन गईं। अब, तमिल सुपरस्टार की भतीजी सुहासिनी मणिरत्नम ने उनकी अनुपस्थिति के पीछे के कारण का खुलासा किया है। ÷राज कमल फिल्म्स इंटरनेशनल के लगभग दस सदस्य वर्तमान में यहां हर चीज में मदद कर रहे हैं। कमल नहीं आ सके क्योंकि वह इंडियन 2 की शूटिंग में हैं। उन्होंने अभी सरथ बाबू के परिवार से बात की। उन्होंने नहीं आने का कारण बताते हुए कहा कि वह बाहर नहीं आ सके क्योंकि वह फिल्म के लुक में थे और यह बाहर नहीं होना चाहिए था। पहले दिन से ही वह सरथ बाबू को किसी तरह बचाना चाहते थे। रजनी सर और कमल सर दोनों ने कहा था कि सरथ बाबू के इलाज के लिए वे सब कुछ करेंगे। रजनी सर अंतिम संस्कार में शामिल हुए। लेकिन कमल ने कार्यक्रम में शामिल नहीं होने के लिए माफी मांगी। कमल हासन और सरथ बाबू, जिन्होंने के बालाचंदर के साथ काम किया है, ने सागर संगमम, सत्तम और ईदी कथा काडू जैसी फिल्मों में स्क्रीन स्पेस साझा किया। उन्हें आखिरी बार फिल्म आलवंदन (2001) में एक साथ देखा गया था। कई अंगों के काम करना बंद कर देने के कारण सरथ बाबू का सोमवार को निधन हो गया। वह 71 वर्ष के थे।

# सुनील शेट्टी ने की सलमान खान की दिल खोलकर तारीफ, बताया गोल्डन हार्ट

एक सुपरस्टार को अपने फैन्स का भरपूर प्यार मिलता है और जब बात सलमान खान जैसे सुपरस्टार की हो तो सब कुछ डबल हो जाता है। सब जानते है कि सलमान एक ऐसे सुपरस्टार हैं जिनका दिल सोने का है, ऐसे ही नही उन्हें उनके फैन्स ने भाई का टैग दिया है। जरूरतमंद लोगों के लिए खड़ा होना होने से लेकर गरीब बच्चों की मदद करने तक, इस सुपरस्टार का दिल हर एक के लिए धड़कता है। लेकिन हमने कभी भी उन्हें उनके द्वारा किए गए नेक कामों के बारे में बात करते नही देखा हैं, हालांकि इंडस्ट्री में बाकी सब सलमान खान की इसके लिए जमकर तारीफ करते दिख जाते हैं। सुनील शेट्टी भी उसमें शामिल हैं।सुनील शेट्टी इंडस्ट्री के उन गिने-चुने लोगों में से हैं जो सलमान खान को बेहद करीब से जानते हैं और उनके साथ अच्छी बॉन्डिंग शेयर करते हैं। सलमान के इतने करीब होने के कारण, सुनील शेट्टी दुनिया को यह बताने का एक मौका नहीं छोड़ते कि वह कितने विनम्र हैं और अक्सर उनकी तारीफ करते दिख जाते हैं। वह वास्तव में यह कहने में दृढ़ विश्वास रखते हैं, मैंने हमेशा कहा है कि मुझे नहीं लगता कि कोई भी सलमान को मेरी तरह जानता है। सिर्फ एक या दो बार नहीं, बल्कि कई मौके आए हैं जब सुनील शेट्टी ने सलमान खान और उनकी दयालुता के लिए सराहा है। एक बार उन्होंने कहा था, देखिए आज भी सलमान इस मुकाम पर हैं क्योंकि उनका दिल ऐसा है। फिर एक





और इंटरव्यू में उन्होंने कहा, जो लोग सलमान को जानते हैं, मैं हमेशा कहता हूं कि आपको सलमान खान को जानने की जरूरत है। खैर, सुनील वास्तव में सलमान को एक गोल्डन हार्ट वाला व्यक्ति कहते हैं। तुम कुछ भी मांगो वह निकाल कर तुम्हें देगा।बोन मैरो की कमी से जूझ रहे एक बच्चे के लिए सलमान खान द्वारा अपना बोन मैरो टेस्ट करवाने की कहानी बहुत कुछ कहती है कि सलमान खान का दिल कितना बड़ा है। एक और दूसरे मौके पर, सुनील शेट्टी ने जाहिर किया, ÷मुझे अभी भी याद है कि कोई उन्हें बार-बार कॉल कर रहा था, वह गया और मैंने पूछा कि वह कहां जा रहा है लेकिन उसने मुझे नहीं बताया। उसने कहा कि मेरे पास काम है, जब हो जाएगा तो मैं वापस आ जाऊंगा, बाद में मुझे पता चला कि वह एक बच्चे के लिए अपना बोन मैरो टेस्ट कराने गया था, जिसे बोन मैरो कैंसर था और जहां तक मुझे पता है कि यह सबसे दर्दनाक टेस्ट होता है। उसने मुझे बताया भी नहीं, वह चला गया, टेस्ट करवा कर वापस आया, और फिर शामिल हो गए। उन्होंने लोगों के लिए बहुत कुछ किया है, मैं भौतिक चीजों के बारे में बिल्कुल भी बात नहीं कर रहा हूं।अपनी चैरिटेबल फाउंडेशन, बीइंग ह्यूमन के साथ, सलमान जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए हाथ आगे बढ़ाते हैं।

## 200 करोड़ी हुई द केरला स्टोरी

पठान के बाद वर्ष के 5वें महीने में बॉक्स ऑफिस को दूसरी सबसे बड़ी फिल्म द केरला स्टोरी के रूप में मिली है। विपुल अमृतलाल शाह द्वारा निर्मित और सुदीप्तो सेन द्वारा निर्देशित यह फिल्म प्रदर्शन पूर्व विवादों में आ गई थी जिसका फायदा उसे प्रदर्शन के बाद मिला। हालांकि सोमवार को इसके कारोबार में जबरदस्त गिरावट नजर आई।फिर भी, टीकेएस अब तक घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 200 करोड़ रुपये कमाने में कामयाब रही है। अदा शर्मा की मुख्य भूमिका वाली, द केरल स्टोरी धार्मिक रूपांतरण के गंभीर विषय और तीन महिलाओं के इर्द-गिर्द घूमती है। केरल कहानी बॉक्स ऑफिस संग्रह द केरला स्टोरी को लेकर तमाम विवादों के बीच, यह फिल्म 5 मई को रिलीज़ हुई थी। यह बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन कर रही है, और 16 मई को यह फिल्म सिनेमाघरों में 150 करोड़ रुपये (शुद्ध) को पार करने में भी कामयाब रही।सिनेमाघरों में अपने तीसरे सोमवार को, फिल्म एक महत्वपूर्ण गिरावट के बाद भी 200 करोड़ रुपये के क्लब को पार करने में सफल रही। शुरुआती व्यापार अनुमानों के अनुसार, फिल्म ने कथित तौर पर 18वें दिन बॉक्स ऑफिस पर 5.50 करोड़ रुपये की कमाई की, जो कि पिछले दिन के संग्रह से लगभग 6 करोड़ कम है।

# अक्षय कुमार ने केदारनाथ मंदिर में लिया आशीर्वाद

### प्रशंसकों का किया अभिवादन

बॉलीवुड के खिलाड़ी अक्षय कुमार ने उत्तराखंड के केदारनाथ मंदिर के दर्शन किए।एक्टर का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें वह पूजा-अर्चना के बाद मंदिर से बाहर आते और फिर बाहर हाथ जोड़कर प्रशंसकों का अभिवादन करते नजर आ रहे हैं।एक्टर ने भी इंस्टाग्राम पर मंदिर का एक वीडियो साझा किया और इसे कैप्शन दिया- जय बाबा भोलेनाथ।वायरल क्लिप में अक्षय के साथ काफी सिक्योरिटी भी है। वह मंदिर जाने के लिए पूरी तरह से काले रंग की पोशाक पहने नजर आ रहे हैं।वर्कफ्रंट की बात करें तो, अक्षय अगली बार बड़े मियां छोटे मियां में दिखाई देंगे। फिल्म, जिसमें टाइगर श्रॉफ भी हैं, की शूटिंग स्कॉटलैंड, लंदन, भारत और यूएई के विभिन्न स्थानों में की गई है।उनके पास ओएमजी- ओह माय गॉड 2, सोरारई पोटरु का हिंदी रीमेक और हेरा फेरी फ्रेंचाइजी की अगली किस्त भी है।



# 50 करोड़ के बजट में दूरदर्शन का मेगा सीरियल स्वराज, फिर भी टीआरपी में पीछे

क्या हम सभी अंग्रेजों से भारत की आजादी के गौरवशाली इतिहास के बारे में शो देखना पसंद नहीं करते? राष्ट्रीय उत्साह को ध्यान में रखते हुए, पिछले साल, 75 वें स्वतंत्रता दिवस पर, दूरदर्शन स्वराज - भारत के स्वतंत्रता संग्राम की समग्र गाथा नामक एक ऐतिहासिक शो लेकर आया था। मेगा शो का प्रसारण 14 अगस्त, 2022 से शुरू हुआ, जिसमें भारतीय इतिहास के कई पहलुओं को दर्शाया गया है, जिसमें स्वतंत्रता संग्राम के कम ज्ञात नायकों के जीवन और बलिदान शामिलहैं। मनोज जोशी स्वराज के सूत्रधार हैं।अमित शाह ने स्वराज का शुभारंभ किया, प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने इसका व्यापक रूप से प्रचार किया। जाहिर है, यह एक मेगा-बजट टीवी शो माना जाता था। खबरों की मानें तो स्वराज को 50 करोड़ रुपये से अधिक के अनुमानित बजट पर बनाया गया था !स्वराज का निर्माण कॉन्टिलो पिक्चर्स द्वारा किया गया है। यह मुंबई में स्थित एक प्रोडक्शन हाउस है, और अभिमन्यु सिंह द्वारा स्थापित किया गया है। का प्रसारण 2022 में शुरू हुआ था, लेकिन इस पर काम 2020 में शुरू हो चुका था. समाचार रिपोर्ट ने आगे सुझाव दिया कि दूरदर्शन ने कॉन्टिलो को प्रत्येक एपिसोड के लिए 47 लाख रुपये का भुगतान किया! अगर 18 फीसदी जीएसटी को शामिल कर लिया जाए तो यह करीब 55.46 लाख रुपये प्रति एपिसोड हो जाता है। इसलिए, 75 एपिसोड के लिए लगभग 41.59 करोड़ रुपये खर्च किए गए। रिपोर्ट ने यह भी सुझाव दिया कि प्रसार भारती ने शो के प्रचार पर 9 करोड़ रुपये से अधिक खर्च किए। इसे तोडने् के लिए कार सनशेड प्रिंटिंग पर 2,08,152 रुपये खर्च किए गए। लोहे के होर्डिंग्स पर 24,190 रुपये और ट्विटर ट्रेंड पर 1,88,800 रुपये खर्च किए गए ! इतना ही नहीं, यह भी आरोप है कि समाचार में विज्ञापन के लिए बुबना नामक विज्ञापन एजेंसी को 1.63 करोड़ रुपये आवंटित किए गए थे। इसके अलावा, ओवरहेड प्रचार के लिए केंद्रीय संचार ब्यरो को 7.48 करोड रुपये दिए गए।




(सूचना का अधिकार) दाखिल कर मिली थी। यदि कर्मचारियों और चालक दल के सदस्यों को दिए जाने वाले वेतन को ध्यान में रखा जाए, तो स्वराज का बजट 50 करोड़ रुपये से 70 करोड़ रुपये से अधिक होगा। वास्तव में स्वराज बनाने में कोई कसर नहीं छोडी गई ! सेट बडे थे. रुपये का भुगतान किया सैमी जोनास हेनी, एक विदेशी जो एक अभिनेता के रूप में स्वराज का हिस्सा थे, ने को विशेष रूप से बताया कि टीवी शो के सेट बड़े पैमाने पर थे। ÷सेट बहुत अच्छे थे, उन्होंने कहा, ÷यह अफवाह थी कि वे अन्य प्रोडक्शन हाउस से थे। वास्तव में. स्वराज के बहुत महंगे लगते थे। मैं घूमता था और इन शानदार घोड़ों को देखता था, ऐसा लगता था जैसे मैं गेम ऑफ थ्रोन्स में हूं! हालांकि, वे वेशभूषा में समायोजित हो सकते थे क्योंकि वे सस्ते थे और मुश्किल से इस्त्री किए गए थे। शो के बारे में जानकारी देते हुए, सैमी ने कहा, ÷स्वराज बहुत तेज गति से चलने वाले थे, इसका टर्नओवर बहुत तेज था। कास्टिंग टीम के लिए सबसे कठिन काम था। हिंदी बोलने वाले विदेशियों को खोजने की कोशिश करने की कल्पना करें, वह भी भारत में एक महामारी के दौरान। आपको शायद ही कोई मिले। तो, अभिनेताओं को कितना भुगतान किया गया? सैमी ने खुलासा किया, ÷शो में भारतीयों को विदेशियों की तुलना में कम भुगतान किया गया था। विदेशियों को आमतौर पर प्रति एपिसोड 16,000 रुपये के अनुबंध पर साइन किया जाता था। उन्हें आम तौर पर एक एपिसोड में 40 विदेशियों की आवश्यकता होती है, हालांकि, उनमें से ज्यादातर पीले भारतीयों या अफगानियों की कमी है, खासकर हिंदी बोलने वालों की।सैमी ने आगे कहा, ÷मेरे देश में, टॉप ड्रामा स्कूलों में जाए बिना पीरियड ड्रामा में जाना बहुत मुश्किल है। इसलिए, मैं अवसर के लिए आभारी था। प्रोडक्शन टीम ने एक पेशेवर दिखने वाली पीरियड ड्रामा बनाने की कोशिश करते हुए एक अद्भुत काम किया, लेकिन एक दैनिक टीवी धारावाहिक के रूप में। यह विचार बिल्कुल भी बजट के अनुकूल नहीं था।÷ लेकिन, टीआरपी कहां है? स्वराज का हर नया एपिसोड रविवार को डीडी नेशनल पर सुबह 9 बजे और रात 9 बजे प्रसारित होता है। यह मंगलवार, बुधवार और गुरुवार को दोपहर 1 बजे और शनिवार को रात 9 बजे दोहराया जाता है। शनिवार को सुबह 11 बजे से ऑल इंडिया रेडियो नेटवर्क पर ऑडियो संस्करण भी प्रसारित किया जाता है। हालांकि, इसके बाद भी शो बार्क की टीआरपी (टेलीविजन रेटिंग प्वाइंट) में टॉप 30 की लिस्ट में जगह बनाने में कामयाब नहीं हआ है। इस बीच. रूपाली गांगली की अनपमा

# पिता के प्रोपर्टी नाम न करने पर नाराज इकलौते बेटे ने ही की थी अपने पिता की हत्या, पुलिस ने पिता की हत्या के आरोपी पुत्र को किया गिरफ्तार

**ग्वालियर।** थाना डबरा जिला ग्वालियर में डबरा क्षेत्रान्तर्गत अरू तिराहा स्थित खेत में शव के मिलने की सूचना प्राप्त हुई थी, किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा हत्या किये जाने के संबंध में रिपोर्ट की थी, जिस पर से अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था, उक्त हत्या की घटना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक ग्वालियर श्री राजेश सिहं चंदेल,भापुसे द्वारा स्वयं घटना स्थल का निरीक्षण कर उपस्थित पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये और अति. पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) श्री जयराज कुबेर को उक्त हत्या की घटना का शीघ्र पर्दाफाश कर आरोपी की पतारसी हेतु थाना बल की एक टीम बनाकर लगाने के निर्देश भी दिये। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों के परिपालन में एसडीओपी डबरा श्री विवेक कुमार शर्मा के कुशल मार्गदर्शन में थाना प्रभारी डबरा निरी0



कृष्णपाल सिंह यादव के नेतृत्व में थाना बल की टीम को उक्त हत्या की घटना का पर्दाफाश करने के लिये लगाया गया और मुखबिर तंत्र को विकसित किया गया। पुलिस टीम को प्रारंभिक विवेचना में कोई भी तकनीकी साक्ष्य प्राप्त नहीं हो सका था। मृतक के परिजनों द्वारा भी किसी पर कोई संदेह व्यक्त नहीं किया गया, जिस कारण से आरोपी की पतारसी नही हो पा रही थी। पुलिस टीम द्वारा मृतक की किसी से रंजिश होने के संबंध में भी जानकारी ली गई लेकिन ऐसी कोई जानकारी नही मिली। विवेचना के दौरान आये भौतिक साक्ष्यों व मुखबिर सूचना से पता चला कि मृतक का पुत्र के साथ प्रोपर्टी को लेकर विवाद होता था। पुलिस को उक्त घटना में



प्रथम दृष्टया संदिग्ध मृतक का पुत्र ही लगा। पुलिस टीम द्वारा उक्त संदिग्ध को आज दिनांक 27.05.2023 को पक? लिया गया और उससे घटना के संबंध में पूछताछ की गई तो उसके द्वारा पुलिस टीम को गुमराह करने का प्रयास किया गया। पुलिस द्वारा काफी पूछताछ करने पर उसने घटना दिनांक को अपने पिता की हत्या करना स्वीकार किया, पक? गये आरोपी ने पूछताछ में बताया कि उसने अपने पिता की दिनांक 19.05.2023 को खेत पर जाकर लकडी के डंडे व पत्थर से हत्या कर दी थी और लकडी के डंडे व पत्थर को कृषि फार्म झाडियों में छिपा दिया था। पुलिस टीम द्वारा पक? गये आरोपी की निशादेही पर हत्या में प्रयुक्त डंडे व पत्थर को विधिवत् जप्त किया गया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसका वह अपने पिता इकलौता बेटा है और वह प्रोपर्टी अपने नाम कराना चाहता था, लेकिन मृतक शंकरलाल उसके नाम प्रोपर्टी नही कर रहा था। जिस कारण उसने खेत पर ही जाकर पिता की हत्या कर दी थी। थाना डबरा पुलिस द्वारा उक्त घटना के आरोपी को गिरफ्तार किया गया।

**सराहनीय भूमिका–** थाना प्रभारी डबरा निरी0 कृष्णपाल सिंह यादव, उनि0 राहुल, तिवारी, संजू यादव, विकास राठौर, अतुल सिंह चौहान, सउनि0 ओमवीर, प्र.आर जितेन्द्र तिवारी, रधुवीर सिंह, आर0 रामवरन, शेरसिंह, अरविंद, सूरज दांगी, शिव ओम, संजय शर्मा, नरेन्द्र सिंह, म.आर0 कीर्ती गापनीय सैनिक विवेक चतुर्वेदी की सराहनीय भूमिका रही।

## जनशक्ति वेलफेयर सोसाइटी के द्वारा शहर को स्वच्छ एवं स्वस्थ बनाने के लिए बाल भवन में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया

**ग्वालियर।**जनशक्ति वेलफेयर सोसाइटी के द्वारा शहर को स्वच्छ एवं स्वस्थ बनाने के लिए बाल भवन में एक कार्यक्रमआयोजित किया गया जिसमें संस्था के सभी पदाधिकारियों ने शहर को स्वच्छ एवं स्वस्थ बनाने की शपथ ली जिसमें हमारे बीच नगर निगम ग्वालियर के वरिष्ठ अधिकारी कार्यक्रम में सम्मिलित रहे कार्यक्रम के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं संस्थापक जनशक्ति वेलफेयर सोसाइटी अरुणेश सिंह भदोरिया जी ने बताया



कि उनकी संस्था जनशक्ति वेलफेयर सोसाइटी शहर में जल्द ही शहर में हर गली मोहल्ले में जाकर जनशक्ति वेलफेयर सोसाइटी के कार्यकर्ता स्वच्छता के प्रति जागरूकता अभियान चलाएंगे एवं लोगों को स्वच्छता के प्रति शपथ दिलाएंगे इस बीच कार्यक्रम में मौजूद पदाधिकारी एवं सदस्यगणजगमोहन सक्सेना अशोक शर्मा रवि फुलवरिया अंजू भदौरिया रानू शर्मा रेनू चौहान सुनीता कुशवाहा लक्ष्मी कुशवाह विजय सर आयुक्त अमर सत्य गुप्ता उपायुक्त संदीप शर्मा सर रवि पुजारी श्याम सिंह कुशवाह संजय राठौर पार्षद मंजू लता रेखा त्रिपाठी त्रिलोक कुशवाह पार्षद वार्ड क्रमांक 6 छावनी क्षेत्र स्वच्छता अभियान सलाहकार श्रद्धा शर्मा संतोष गोस्वामी जिला अध्यक्ष नितिन कुशवाहा जी और कई लोगों ने कार्यक्रम में भाग लिया कार्यक्रम का संचालन श्रीमती रानू शर्मा ने किया

## थाना प्रभारी बेसिक पुलिसिंग पर विशेष ध्यान दें, जिससे अपराधों में आवश्यक रूप से कमी परिलक्षित होगी : एसपी

**ग्वालियर:** पुलिस कन्ट्रोल रूम ग्वालियर सभागार में पुलिस अधीक्षक ग्वालियर श्री राजेश सिंह चंदेल(भापुसे) द्वारा ग्वालियर जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारियों तथा थाना प्रभारियों की अपराध समीक्षा बैठक ली गई। बैठक में एसपी ग्वालियर द्वारा उपस्थित थाना प्रभारियों को निर्देशित किया कि थाने के लंबित अपराधों की समीक्षा कर उनका निकाल करें तथा राजपत्रित अधिकारीगण भी थाना स्तर लंबित अपराधों की समीक्षा आवश्यक रूप से करें। एसपी ग्वालियर द्वारा वरिष्ठ कार्यालयों से प्राप्त लंबित शिकायते, समस्त आयोगो से प्राप्त लंबित शिकायते, समंस-वारंट तामीली, सीएम हेल्प लाइन की लंबित शिकायतों व महिला संबंधी अपराधो को प्राथमिकता से लेकर निकाल हेतु थाना प्रभारियों निर्देशित किया गया।



अपराध समीक्षा बैठक में एसपी ग्वालियर द्वारा अच्छा कार्य करने वाले थाना प्रभारियों को पुरस्कृत किया गया। बैठक में थाना प्रभारियों को थाने में साफ-सफाई तथा उचित रिकॉर्ड संधारण करने के लिए भी कहा गया और थाने में आने वाले फरियादियों की शिकायतों को सहानुभूति पूर्वक सुना जाकर वैधानिक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। उन्होने कहा कि चुनावी वर्ष को देखते हुये सभी थाना प्रभारी का अपने क्षेत्र में एनडीपीएस, प्रतिबंधात्मक कार्यवाही व आदतन बदमाशों को चिन्हित कर उनके खिलाफ कार्यवाही करें।

## विधायक डॉ. सिकरवार ने लगाई झाड़ू, कई ट्रॉली कचरा उठवाया



**ग्वालियर।** विशेष सफाई अभियान के तहत आज ग्वालियर पूर्व विधानसभा क्षेत्र के वार्ड 60 में विधायक डॉ. सतीश सिकरवार के नेतृत्व में सफाई अभियान चलाया गया। कचरे ठिए साफ कराए, सड़को के आस-पास जमी सिल्ट को उठवाया, नालियां साफ कराई गई। नगर निगम के वार्ड क्रमांक 60 में कांग्रेस कार्यकर्ता और सफाई अमला बघेल मौहल्ला हुरावली में एकत्रित हुआ। बघेल मौहल्ला हुरावली समेत अन्य गलियों में सफाई कार्य कराया गया। स?को के आस-पास जमी मिट्टी को थ्रीडी मशीन से साफ कराया गया। कई ट्रॉली मलवा सफाई अभियान के दौरान फिकवाया गया। सड़क मार्ग को समतल कराया। उबड़-खाबड मार्ग का दुरस्तीकरण कराया गया तथा पत्थर पडे हुए थे, उन्हे उठावाया गया। सफाई अभियान के दौरान क्षेत्रीय नागरिकों ने विधायक डॉ. सिकरवार का पुष्पहार पहनाकर स्वागत किया। सफाई अभियान में क्षेत्रीय पार्षद केदार बरहादिया, केशव यादव, केदार सिंह बघेल, रोहित यादव, मनोज पाल, हरीश दुबे, राम प्रकाश पाल, जसवंत यादव आदि मौजूद रहे।

## कमलनाथ व दिग्विजय के आर्शीवाद से संजू जाटव अम्बाह में सक्रिय, सर्वे में टाप पर

**ग्वालियर/मुरैना।** कांग्रेस ने ग्वालियर चंबल संभाग में विधानसभा सीटों पर अब चुने हुये नेताओं को चुनाव से पहले ही सक्रिय कर दिया है, ताकि विधानसभा क्षेत्रों में वातावरण अभी से कांग्रेसमय हो जाये और कार्यकर्ता भी संभावित प्रत्याशी से घुल मिल जाये।इसी क्रम में अम्बाह सुरक्षित सीट पर कांग्रेस नेत्री व सोशल मीडिया क्वीन संजू जाटव ने बीते वर्ष नवंबर से ही जनसंपर्क अभियान चला रखा है, अब वह वहां घर-घर की चहेती है और अम्बाह सीट कांग्रेस के कब्जे में करने के लिये कांग्रेसियों को वहां एकजुट कर चुकी है। संजू जाटव को यहां पूर्व मुख्यमंत्री व व प्रदेशाध्यक्ष कमलनाथ और दिग्विजय सिंह ने अप्रत्यक्ष रूप से सक्रिय रहने का इशारा भी दे दिया है।हालांकि अभी



अम्बाह सीट बीते उपचुनाव के बाद भाजपा के पक्ष में आ गई हैं। यहां भाजपा के कमलेश जाटव अभी विधायक है। अम्बाह में कुल वोटिंग लगभग दो लाख बीस हजार की हैं, जिसमे क्षत्रिय 60 हजार, 15 हजार ब्राहमण व 65 हजार जाटव व शंखवार हैं। इसके अलावा जैन, वैश्य, गुर्जर समाज के भी मतदाता हैं। यहां के क्षत्रिय समाज व ब्राहमण समाज में भी संजू जाटव ने लगातार संपर्क से अपनी पैठ बना ली है। उनकी ओर अम्बाह के युवा वर्ग का झुकाव सबसे ज्यादा है जिस कारण संजू जाटव बेहद कान्फीडेंस में हैं।बीते दिनों कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ व उनकी टीम के सर्वे में वह लोकप्रियता के शिखर पर आई है, जिस कारण कांग्रेस आलाकमान भी अब उन पर दांव खेल रहा हैं। कांग्रेस आलाकमान के एक सूत्र का कहना है कि इस बार सर्वे में आये टाप नाम पर ही पार्टी दांव खेलेगी, क्योंकि एक-एक सीट हमारे लिये चुनौती है।

## शहर के युवाओं ने उठाया गऊ सेवा का बीडा, स्वयं के खर्च पर कर रहे है उपचार

दैनिक पुष्पांजली टुडे



ग्वालियर शहर में लगातार 12 साल से सेवा कर रही गोपाल गौसेवा समिति ग्वालियर की टीम आज किसी पहचान की मोहताज नहीं टीम के सभी सदस्य दिन रात निःस्वार्थ भाव से सेवा में 24 घण्टे तत्पर रहते हैं ये ना दिन देखते हैं ना रात, ना धूप ना बारिश कल जब शहर में बारिश हो रही थी तब गोपाल गौसेवा समिति ग्वालियर के सदस्य गौसेवा में लगे हुये। गोपाल गौसेवा समिति ग्वालियर को ग्वालियर रोडवेज बस स्टेंड के पास से सूचना मिली कि एक गौमाता के पैर में घाव हो गया है जिसके कारण उनके पैर से अत्याधिक मात्रा में खून निकल रहा है जिसका उपचार आज टीम के सदस्य केशव पटेल व निक्की जैन ने मौके पर ही किया

# थाना प्रभारी बेसिक पुलिसिंग पर विशेष ध्यान दें, जिससे अपराधों में आवश्यक रूप से कमी परिलक्षित होगी : एसपी ग्वालियर

### समंस वारंटो की शत-प्रतिशत तामीली व लंबित अपराधों का शीध्रता से निराकरण के दिये निर्देश

दैनिक पुष्पांजली टुडे

**ग्वालियर:** पुलिस कन्ट्रोल रूम ग्वालियर सभागार में पुलिस अधीक्षक ग्वालियर श्री राजेश सिंह चंदेल(भापुसे) द्वारा ग्वालियर जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारियों तथा थाना प्रभारियों की अपराध समीक्षा बैठक ली गई। बैठक में एसपी ग्वालियर द्वारा उपस्थित थाना प्रभारियों को निर्देशित किया कि थाने के लंबित अपराधों की समीक्षा कर उनका निकाल करें तथा राजपत्रित अधिकारीगण भी थाना स्तर लंबित अपराधों की समीक्षा आवश्यक रूप से करें। एसपी ग्वालियर द्वारा वरिष्ठ कार्यालयों से प्राप्त लंबित शिकायते, समस्त आयोगो से प्राप्त लंबित शिकायते, समंस-वारंट तामीली, सीएम हेल्प लाइन की लंबित शिकायतों व महिला संबंधी अपराधो को प्राथमिकता से लेकर निकाल हेतु थाना प्रभारियों निर्देशित किया गया। अपराध समीक्षा बैठक में एसपी ग्वालियर द्वारा अच्छा कार्य करने वाले थाना प्रभारियों को पुरस्कृत किया गया। बैठक में थाना प्रभारियों को थाने में साफ-सफाई तथा उचित रिकॉर्ड



संधारण करने के लिए भी कहा गया और थाने में आने वाले फरियादियों की शिकायतों को सहानुभूति पूर्वक सुना जाकर वैधानिक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। उन्होने कहा कि चुनावी वर्ष को देखते हुये सभी थाना प्रभारी का अपने क्षेत्र में एनडीपीएस, प्रतिबंधात्मक कार्यवाही व आदतन बदमाशों को चिन्हित कर उनके खिलाफ कार्यवाही करें। इस अवसर पर उन्होने कहा कि थाना प्रभारी का अपने अधीनस्थ पुलिसकर्मियों पर पूर्ण नियंत्रण होना चाहिए, यदि कोई पुलिसकर्मी किसी गलत कार्यवाही में संलिप्त पाया जाता है तो उसके खिलाफ कठोर दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी। पुलिस अधीक्षक ग्वालियर ने बैठक में उपस्थित समस्त थाना प्रभारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि माननीय न्यायालय



से पुलिस कर्मियों के लिये जारी होने वाले समंस/वारंटों की शत्-प्रतिशत तामीली कराना सुनिश्चित करें। पुलिस अधीक्षक ग्वालियर द्वारा समस्त थाना प्रभारियों को हिदायत दी गई कि जूआ, सट्टा व अवैध मादक पदार्थो की बिक्री पर अंकुश लगाया जावे तथा पुराने हत्या, हत्या के प्रयास, लूट तथा नकबजनी के अपराधों का शीघ्रता से खुलासा करने के प्रयास किये जाएं। बैठक में एसपी ग्वालियर द्वारा पुलिस के समस्त राजपत्रित अधिकारियों को अपने-अपने सर्किल के थाना प्रभारियों की हफ्ते में एक बार बैठक लेकर लंबित प्रकरणों के शीघ्रता से निराकरण कराने के लिये कहा गया। बैठक में एसपी ग्वालियर ने समस्त थाना प्रभारियों को अपने-अपने थाना क्षेत्र के सक्रिय गुण्डों, बदमाशों तथा सटोरियों, मादक पदार्थ बैचने व सेवन करने वालों, अवैध शराब, नकबजनों, वाहन चोरों तथा आदतन अपराधियों को सूची बनाकर उनकी तस्दीक करने के निर्देश दिये। इस अवसर पर उनके द्वारा विगत दिनों में यातायात पुलिस ग्वालियर द्वारा की गई कार्यवाही की सराहना करते हुए थाना प्रभारियों को भी अपने क्षेत्र में यातायात व्यवस्था बनाये रखने एंव निरंतर ई चालान की कार्यवाही करने के निर्देश दिये। बैठक में अति. पुलिस अधीक्षक शहर (मध्य/यातायात) श्री ऋषिकेश मीणा,भापुसे, अति0 पुलिस अधीक्षक शहर (पश्चिम) श्री गजेन्द्र सिंह वर्धमान, अति0 पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्री जयराज कुबेर, सीएसपी लश्कर श्री षियाड़ के.एम.,भापुसे, प्रशिक्षु सुश्री विदिता ढागर, डीएसपी महिला सुरक्षा शाखा सुश्री हिना खान, डीएसपी यातायात श्री नरेश बाबू अन्नोटिया, श्री विक्रम सिंह कनपुरिया, श्री बैजनाथ प्रजापति, रक्षित निरीक्षक ग्वालियर श्री सत्य प्रकाश मिश्रा, के अलावा पुलिस के समस्त राजपत्रित अधिकारी एवं शहर व देहात के समस्त थाना प्रभारीगण उपस्थित थे।

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478